अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### नेहरू कॉलेज की खेल प्रतियोगिताएं कल से

**छिबरामऊ।** नेहरू पीजी कॉलेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 13-14 फरवरी को होगी। विद्यार्थी प्रतियोगिता के संबंध में किसी भी तरह की जानकारी के लिए क्रीडा प्रभारी डॉ. राजीव कुमार सिंह से संपर्क करें।

### बच्चों को 16 से लगेंगे खसरा व रुबेला के टीके

**तिर्वा।** उमर्दा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजन शर्मा ने बताया कि एक वर्ष से पांच वर्ष तक के बच्चों को खसरा तथा रुबेला जैसी वायरल जनित बीमारियों से बचाव के लिए 16 से 27 फरवरी तक सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में टीकाकरण शुरू किया जाएगा।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सगरा निवासी 25 वर्षीय लालू राजपूत ने अपने घर पर संदेहास्पद परिस्थिति में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने युवक की मौत की पुष्टि कर दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### चाउमीन खाने को लेकर शादी में मारपीट

**छिबरामऊ।** नगर के मोहल्ला ग्रेसी गंज निवासी विशाल श्रीवास्तव पुत्र मुकेश श्रीवास्तव की शादी विशुनगढ़ रोड स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में हो रही थी। इस दौरान मोहल्ले के ही निवासी विशाल पुत्र मनोज कुमार अपनी भाभी रूबी के साथ दावत में शामिल होने पहुंचे थे। दावत के दौरान चाउमीन खाने-पीने को लेकर पास खड़े मोहल्ले के कुछ अन्य युवकों से आपस में तीखी बहस हो गई। मामला तेजी से बढ़ा और देखते ही देखते गालीगलौज के बाद पत्थरबाजी शुरू हो गई। इस झड़प में विशाल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

# अनन्दीदास मोहल्ले में टूटा बिजली का पोल हुआ दुरुस्त

अमृत विचार IMPACT

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


बिजली पोल टूटा, रास्ते के आरपार दीवार पर टिका

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। आनंदीदास मोहल्ले में टूटा बिजली का पोल मकान की दीवार के सहारे टिक गया है। यह किसी भी समय हादसे का कारण बन सकता है।

देहात ही नहीं शहर में भी बिजली व्यवस्था का हाल खराब है। करोड़ों रुपये बिजली सुधार पर खर्च होने के बाद भी स्थिति जस की तस है। इसी का उदाहरण शहर के मोहल्ला आनंदीदास है। यहां एक बिजली का पोल कई दिन से टूटकर मकान की दीवार के सहारे टिका है। खास बात तो यह है कि पोल में तार नहीं हैं। इसमें बंच कंडक्टर केबिल डाली गई है। इसी से निकली लाइन से आधे मोहल्ले को बिजली की आपूर्ति की जाती है। पोल दीवार के सहारे ...

शहर के मोहल्ला आनंदीदास में दीवार के सहारे टिका बिजली का टूटा पोल।

इंडिया की खिड़ी ब्रांच भी स्थित है जिससे तमाम ग्राहकों का दिन भर आवागमन होता है। लाइनमैन से लेकर मीटर रीडर नियमित इसी मार्ग से निकलते हैं। इनकी नजर भी इस टूटे पोल पर पड़ती है पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस ...


सात फरवरी को अमृत विचार में प्रकाशित खबर। ठीक होने के बाद पोल की स्थिति।

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला अनन्दीदास में 20 दिन से टूटे पड़े बिजली पोल को विभागीय अधिकारियों ने ठीक करा दिया। अमृत विचार में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर पोल को ठीक कराया गया।

शहर के मोहल्ला अनन्दीदास में बीते दिन टूटा बिजली का पोल दीवार के सहारे टिका था। इससे गुजरने वाले लोगों को जान का खतरा बना हुआ था। मोहल्ले के लोग इसकी जानकारी लाइनमैन को भी दे चुके थे पर कोई समाधान नहीं निकाला गया था। जानकारी पर संबंधित खबर को फोटो के साथ प्रमुखता से सात फरवरी के अंक में प्रकाशित किया गया।

इसके बाद जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने खबर को प्रमुखता से लेते हुए एक्सईएन विद्युत मगन सिंह को सुधार के निर्देश दिये। इस पर मंगलवार को एक्सईएन ने संबंधित अवर अभियंता व ठेकेदार को भेज कर टूटे पड़े बिजली पोल को सीधा करा दिया है।


# अफसर नहीं चाहते कॉन्वेंट में पढ़ें गरीबों के बच्चे!

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आरटीई में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी फिर भी अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई
- नर्सरी स्तर पर नहीं मिलता प्रवेश तो सरकारी में एडमीशन करा देते हैं जरूरतमंद

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश हैं कि निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंदों को दिलाया जाए। उसकी समीक्षा भी करने को कहा गया है। आरटीई में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी है। यह सब जानते हुए भी जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। अब तो लोग कहने लगे हैं कि अफसर नहीं चाहते हैं कि दुर्बल व अलाभित परिवारों के बच्चे कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ाई करें।

कहा जा रहा है कि जरूरत पर जब पात्रों को आरटीई के तहत निजी स्कूलों में 25 फीसदी निशुल्क कोटे में जब प्रवेश नहीं मिल पाता है तो वह सरकारी विद्यालयों में बच्चों को भेजना शुरू कर देते हैं या फिर पढ़ाते ही नहीं हैं। अभिभावकों का कहना है कि ज्यादातर विद्यालयों में




03 से 06 साल तक के बच्चों को आरटीई में प्रवेश नहीं मिल पाता है। इसका कारण है कि सभी स्कूलों ने आरटीई के लिए नर्सरी स्तर की कक्षाओं को मैप्ड नहीं किया है यानि छिपा लिया है। दूसरी ओर मैप्ड स्कूलों की संख्या भी काफी कम है। ग्राम पंचायतों व मोहल्ले में चल रहे कई निजी स्कूलों को आरटीई में शामिल नहीं किया गया है। इसके पीछे चर्चा है कि कइयों के यू-डायस नहीं है। बिना मान्यता के भी शिक्षण संस्थाएं खूब फल-फूल रहीं हैं। इस वजह से भी दुर्बल व अलाभित समूह को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### तिर्वा विधायक के इलाके के 60 स्कूलों से वंचित हुए गरीब

■ **कन्नौज।** बेसिक शिक्षा कार्यालय के आंकड़े पर अगर गौर किया जाए तो पिछले साल आरटीई में नगर पंचायत तिर्वा क्षेत्र के 15 और ब्लॉक उमर्दा इलाके के 60 निजी विद्यालय मैप्ड रहे। कुल 75 शिक्षण संस्थाओं में 15 ही ऐसे निकले जहां जरूरतमंद बच्चों को 25 फीसदी कोटे में एडमीशन मिल सका। 60 विद्यालयों में एक भी बच्चे को प्रवेश नहीं दिया गया। इस बाबत महकमे का तर्क है कि अभिभावकों ने आवेदन ही नहीं किए। हालांकि आवेदन किस वजह से नहीं हो सके, इसके पीछे के कारणों को जानने का प्रयास नहीं किया गया। उमर्दा विकास खंड क्षेत्र के 49 विद्यालयों में एक भी सीट एलॉट नहीं हो सकी।

### बेसिक शिक्षा के रिकार्ड में यहां स्कूल नहीं

■ तिर्वा नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला अशोक नगर, सुभाष नगर, शास्त्रीनगर, लोहिया नगर, दुर्गानगर व आजाद नगर में कोई निजी स्कूल नहीं है। हालांकि इन मोहल्लों में विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इसको लेकर कहा जा रहा है कि या तो वे बिना मान्यता और यू-डायस के धड़ल्ले से संचालित हैं तभी आरटीई में मैप्ड नहीं हैं।

# प्रेमिका से शादी कराने की जिद में चढ़ा टॉवर पर, गिरने से मौत

## नशे की हालत में था युवक, संतुलन बिगड़ने पर सौ फीट ऊंचाई से गिरा

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** प्रेमिका की दूसरी जगह शादी हो जाने से आहत युवक नशे की हालत में सौ फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। उसी युवती से शादी कराने की जिद कर कूदकर जान देने की धमकी देने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस, ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने उसे उतारने का काफी प्रयास किया पर नहीं माना। इस बीच संतुलन बिगड़ने से नीचे आ गिरा। उसे नगर के सीएचसी ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।


सुमित राजपूत।


सीएचसी में मौजूद कोतवाल, स्वास्थ्य कर्मी व परिजन। अमृत विचार

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुराभोज निवासी सुमित राजपूत (20) राजस्थान की एक फैक्ट्री में काम करता था। 15 दिन पहले ही गांव आया था। बुधवार सुबह वह गांव स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया और जोर-जोर से चिल्लाने लगा, मेरी शादी करवा दो नहीं तो मैं कूद कर मर जाऊंगा। शोर सुनकर गांव के लोगों के अलावा परिवार वाले भी आ गए। सभी ने उसे मनाने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी प्रयास किया लेकिन वह शादी के लिए जिद पर अड़ा रहा। कह रहा था कि पहले मेरी शादी तय कराओ। तभी मैं नीचे उतरूंगा। तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और सौ फीट ऊंचे टॉवर से नीचे आ गिरा। गंभीर हालत में ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार सहित स्थानीय लोगों की मदद से उसे गुरसहायगंज के सीएचसी में लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। 5 साल पहले पिता रामकिशोर की मौत हो चुकी थी। घर में मां व छोटा भाई रहते हैं। बहन की 5 साल पहले शादी हो चुकी थी। वहीं छोटा भाई मानसिक रूप से कमजोर है। सुमित ही अकेला कमाने वाला था। लोगों में चर्चा थी कि उसका रिशेतेदारी में एक युवती से प्रेमप्रसंग था। उसकी दूसरी जगह शादी हो जाने से परेशान था। नशे की हालत में वह टॉवर पर चढ़ गया और गिरने से जान चली गई। कोतवाल अजय अवस्थी व चौकी प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मृतक के चाचा लाखन सिंह ने भतीजे के नशे की हालत में मोबाइल पर चढ़ने और वहां से गिरने से मौत होने की तहरीर दी है।

# बीएलए के माध्यम से 6 तक उपलब्ध करा दें दावे-आपत्तियां

**कन्नौज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की कार्यवाही के क्रम में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की। इसमें कहा कि वे 6 मार्च 2026 तक दावे एवं आपत्तियां स्वयं अथवा अपने बीएलए के माध्यम से संबंधित बीएलओ को उपलब्ध करा दें, ताकि समयबद्ध निस्तारण हो सके।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र सिंह ने कहा कि 3से 9 फरवरी तक प्राप्त प्रपत्र-6, 7 एवं 8 की सूचियां निर्धारित प्रारूप-9, 10 एवं 11 में संकलित कर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी गई हैं। 6 जनवरी से 11 फरवरी तक तीनों विधानसभा क्षेत्रों—196 छिबरामऊ, 197 तिर्वा एवं 198 कन्नौज—में कुल 39,532 फार्म-6 (नव मतदाता पंजीकरण), 1,211 फार्म-7 (नाम विलोपन) तथा 7,847 फार्म-8 (संशोधन) प्राप्त हुए हैं। जेंडर रेशियो में सुधार के लिए अधिक से अधिक महिला मतदाताओं के पंजीकरण पर बल दिया गया है।


लायर एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारणी को शपथ दिलाते उपजिलाधिकारी राजेश कुमार। अमृत विचार

# लायर्स एसोसिएशनकी नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** उपजिलाधिकारी ने लायर्स एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर बार व बेंच के बीच सामंजस्य की बात कही।

बुधवार को तहसील सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ उपजिलाधिकारी राजेश कुमार, भाजपा नेता आनन्द सिंह, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, तहसीलदार अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार अमित पाठक व सतीशचंद्र कनौजिया अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी राजेश कुमार ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक राजपूत, महामंत्री दुर्गेश शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार राजपूत व राजेश राजपूत, कोषाध्यक्ष रामशरण राजपूत, सहसचिव मंजीत राजपूत व रानू श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बलराम यादव, हरिशंकर राजपूत, अंशुमान कटियार, रामगोपाल, न्यू बार ऐसो. के संरक्षक सजंय शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष दीपू यादव नगर पंचायत प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, शानू पठान, अनिल राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विद्यालय को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** सौरिख क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी भरी रजिस्ट्री मिलने से हड़कंप मच गया। रजिस्ट्री भेजने वाले ने स्कूल संचालक के परिवार को भी खत्म करने की धमकी दी। स्कूल संचालक ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

सौरिख थाना क्षेत्र के ईजलपुर गांव निवासी कुलदीप यादव का गांव के बाहर सौरिख मैनपुरी रोड शीला देवी सत्यवीर सिंह इंटर कॉलेज है। यहां से कुछ दूरी पर उनका ईंट भट्ठा भी है। मंगलवार को कुलदीप को डाक से एक रजिस्ट्री मिली। रजिस्ट्री भेजने वाले का पता मुहम्मद इरफान गांव हड़हा थाना अचलगंज उन्नाव लिखा है जबकि रजिस्ट्री सरायमीरा कन्नौज से 3 फरवरी 26 को 2 बजकर 2 मिनट पर की गई। पत्र में कॉलेज को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके अलावा कुलदीप व उनके बेटे की भी गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी गई। हालांकि पत्र देखकर कोई निजी पुरानी रंजिश का मामला लग रहा है। कुलदीप यादव ने कापी पुलिस को सौंपकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि हो सकता है गांव के ही किसी व्यक्ति ने फर्जी नाम पते से शिकायत की, कुलदीप की पत्नी वर्तमान में प्रधान हैं जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।



रजिस्ट्री का लिफाफा, व उसमें रसीद व निकला पत्र। अमृत विचार

- परिवार को भी खत्म करने की धमकी, पुलिस से शिकायत

# परीक्षा केंद्रों पर 14 से पहुंचाए जाएंगे बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीआईओएस कार्यालय की ओर से कड़ी सुरक्षा में होगा वितरण
- बेसिक व माध्यमिक के 2600 शिक्षक बनेंगे कक्ष निरीक्षक

**अमृत विचार।** जिले के परीक्षा केंद्रों पर 14 फरवरी से प्रश्न पत्रों का वितरण शुरू हो जाएगा। डीआईओएस कार्यालय की ओर से कड़ी सुरक्षा के बीच पेपर बांटे जाएंगे। यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के लिए बेसिक व माध्यमिक स्कूलों के करीब 2600 अध्यापक कक्ष निरीक्षक बनाए गए हैं।

डीआईओएस कार्यालय की ओर से बताया गया है कि प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों के करीब 1200 शिक्षक-शिक्षिकाओं की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में लगा दी गई है। माध्यमिक विद्यालयों के भी तकरीबन 1400 अध्यापक-अध्यापिकाओं को जिम्मेदारी दी गई है। दूसरी ओर शहर के लाला श्यामलाल इंटर कॉलेज से उत्तरपुस्तिकाओं का 80 फीसदी वितरण कर दिया गया है। । साथ ही बोर्ड परीक्षा के लिए आई सामग्री का भी 99 प्रतिशत वितरण डीआईओएस कार्यालय से हो गया है। परीक्षा की तैयारियों को लेकर 12 फरवरी यानि आज दोपहर 11 बजे से तिर्वा स्थित डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) के शैक्षणिक भवन में एलटी थ्री हाल में बैठक होगी। इसमें केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट शामिल होंगे। डीएम, एसपी व डीआईओएस समेत कई अधिकारी दिशा- निर्देश देंगे।

# तीन ब्लॉक क्षेत्रों में तैनाती मांगने वाली महिला सचिवों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सात ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारियों से जवाब-तलब
- सरकारी योजनाओं पर ध्यान न देकर कलेक्ट्रेट में समय व्यतीत करने का आरोप

**अमृत विचार।** जिले के तीन विकास खंड क्षेत्रों व ब्लॉक मुख्यालय के निकट तैनाती मांगने वाली सात महिला ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारियों (सचिवों) को नोटिस जारी हो गया है। उन पर मनमाने ढंग से कार्य करने और कलेक्ट्रेट में तीन दिन से समय व्यतीत करने का भी आरोप लगा है।

डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने जारी किए नोटिस में कहा है कि सीडीओ की ओर से अवगत कराया गया है कि सातों सचिव तीन दिन से (शनिवार, सोमवार और मंगलवार) कलेक्ट्रेट में आ रहीं हैं। शासन के निर्देश हैं कि ग्राम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री, क्राफ्ट सर्वे, ई-केवाईसी, जॉब कार्ड मैपिंग, परिवार रजिस्टर की नकल आदि कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऐसे में तीन दिनों से सचिव अपना समय और जनता का कार्य क्यों प्रभावित कर रहे हैं। उन पर आरोप है कि शासकीय योजनाओं के संचालन में लापरवाही बरती जा रही है। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना के संचालन में गंभीर उदासीनता बरती जा रही है। शासन की मंशा के तहत कार्य न करने, के भी आरोप लगे हैं। बताया गया है कि सुरक्षा के लिहाज से महिला सचिवों ने सदर विकास खंड कन्नौज, छिबरामऊ व उमर्दा क्षेत्र में तैनाती मांगी थी। अधिकारियों पर आरोप है कि उत्पीड़न करने के लिए दूर व असुरक्षित क्षेत्रों में तैनाती दी गई है। मंगलवार को महिला सचिवों ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को पत्र देकर बात रखी थी। डीएम ने भी कार्यालय समय पर आने को लेकर ऐतराज किया था।

### इनको भेजा गया नोटिस

■ **कन्नौज।** गुगरापुर की ग्राम विकास अधिकारी नीलम शर्मा, कन्नौज की अनुराधा यादव, रंजीता व लक्ष्मी सिंह, छिबरामऊ की मनीषा पटेल, गुगरापुर की ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका सिंह व कन्नौज की प्रियंका गौतम को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ है।

जिला अस्पताल | प्रसव के लिये आने वाली गर्भवती को नहीं किया जायेगा रेफर

# महिला विंग में 24 घंटे होंगे गर्भवती के ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में अब 24 घंटे सीजर ऑपरेशन की सुविधा मिलेगी। सीएमएस ने दिन व रात की ड्यूटी लगा दी है। ऑनकॉल सर्जन व बेहोशी के डाक्टर (एनेस्थेसिस्ट) अस्पताल पहुंचेंगे।

जिला अस्पताल के महिला विंग में पहुंचने वाली गर्भवती को प्रसव न होने की दशा में रेफर नहीं किया जायेगा। अब 24 घंटे सीजर (सर्जरी से प्रसव) की व्यवस्था रहेगी। इस संबंध में सीएमएस डा. शक्ति बसु ने बुधवार को महिला सर्जन, सर्जन व एनस्थीशिया डाक्टरों की बैठक अपने कार्यालय में ली। इस दौरान कहा गया कि रात के समय सीजर न होना गंभीर है। माह में करीब 10 गर्भवती का प्रसव न होने की स्थिति में सीजर किया जाना अनिवार्य है। इस के लिये संबंधितों की ड्यूटी लगाई जायेगी।


जिला अस्पताल में डॉक्टरों की बैठक लेते सीएमएस डा. शक्ति बसु। अमृत विचार

यदि रात में किसी गर्भवती की हालत गंभीर होती है तो उसे रेफर नहीं किया जायेगा। जिस सर्जन व बेहोशी के डॉक्टर की ड्यूटी लगी होगी उसे ऑनकाल पहुंच कर सीजर करना होगा। यदि किसी ड्यूटी डॉक्टर को इमरजेंसी के चलते अवकाश लेना हो तो उसे आपस में सामंजस्य बना कर दूसरे डॉक्टर के अपनी ड्यूटी करानी होगी। यदि कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं होता है तो संबंधित ड्यूटी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। बैठक के दौरान डा. निधी गोयल, डा. मनप्रीत कौर, डा. अशोक प्रियदर्शी, डा. रविंद्र कुमार, डा. जेएस रनधावा, डा. हरिमाधौ, डा. एके जाटव समेत अन्य डाक्टर मौजूद रहे।

- सीएमएस ने डॉक्टरों की बैठक कर दिए निर्देश

# निशानेबाजी में एन्जल ने राष्ट्रीय स्तर पर जीते मेडल

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत मिघौली के मजरा बैरागपुर की होनहार बेटी एन्जल श्रीवास्तव ने निशानेबाजी में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर क्षेत्र के साथ ही जिले का भी मान बढ़ाया है।

स्व. उदय प्रताप श्रीवास्तव की पुत्री एन्जल ने 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में ग्रेटर नोएडा, जयपुर और भोपाल में प्रतियोगिताओं में मेडल जीते। विशेष रूप से 10 मीटर फायरिंग में प्रथम स्थान हासिल किया। पिता के 2023 में निधन के बाद भी एन्जल ने हौसला नहीं खोया। माता सुनीता श्रीवास्तव ने खेती-बाड़ी से आर्थिक व्यवस्था संभालते हुए बेटी के खेल को बढ़ावा दिया। बेटी ने 2023 में कानपुर से हाईस्कूल और 2025 में छिबरामऊ के हीरालाल बी एन इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया। सपा नेता रामप्रकाश यादव, अजय यादव, सुबोध यादव, प्रदीप यादव सहित अन्य ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।


एन्जल श्रीवास्तव को शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते लोग।

# आधुनिक भारत के संत तुल्य व्यक्तित्व थे पं. दीनदयाल

**कन्नौज।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन पार्टी कार्यालय पर किया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि रूपेश गुप्ता ने कहा कि पं. उपाध्याय आधुनिक भारत के संत तुल्य व्यक्तित्व थे।

कार्यक्रम की शुरुआत से पहले सभी ने पं. उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पार्टी की ओर से समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पुण्य तिथि पर पूर्व जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद रूपेश गुप्ता ने कहा कि पंडितजी ने अपना संपूर्ण जीवन मानव सेवा, समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया। पार्टी संगठन भी उनकी बातों का अनुसरण कर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे रहा है। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया ने किया। मंच पर पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह, महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, महामंत्री हरिबक्स सिंह उपस्थित रहे। अशोक सिंह जीतू तिवारी ,रामानंद जी, प्राची गुप्ता राजेश राजपूत शरद मिश्रा शिवेंद्र ग्वाल कुलदीप दोहरे मनी अवस्थी यशवंत राजपूत , श्यामू राजपूत, लोकेंद्र चौहान ने भी विचार रखे।

## न्यूज ब्रीफ

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

**भरथना।** थाना क्षेत्र के दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक पर भरथना साम्हों रेलवे स्टेशन के मध्य एक युवक का शव रेलवे ट्रैक की डाउन लाइन पर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। साम्हों चौकी प्रभारी कोमल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की देर शाम करीब साढ़े छह बजे भरथना साम्हों स्टेशन के मध्य रेलवे ट्रैक की डाउन लाइन पर युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। शव का पंचनामा भरकर शव को मोर्चरी में रखवाया गया है।

### कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी व किसान मेला आज

**बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर, एवं कृषि विभाग द्वारा 12–13 फरवरी को आयोजित होगा। इसकी जानकारी प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि उपनिदेशक कृषि इटावा डॉ आर एन सिंह होंगे, अध्यक्षता डॉ. केके दीक्षित करेंगे, विशिष्ट अतिथि जिला कृषि अधिकारी ओंकार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी डॉ श्याम सिंह, आचार्य क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान बकेवर डॉ. डीके सचान, तहसीलदार चकरनगर विष्णु दत्त मिश्रा आदि होंगे।

### फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**भरथना।** थाना क्षेत्र के गांव समसपुर में बुधवार सुबह गांव निवासी नारायण स्वरूप सविता (45) पत्नी रमाकांती का शव आम के बाग में फंदे से लटका मिला। सूचना पर क्षेत्राधिकारी रामदवन मौर्य तथा थाना प्रभारी विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थोड़ी देर बाद फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतका का पति अहमदाबाद में एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। उनका इकलौता बेटा राहुल गांव में रहकर कस्बे की एक मिठाई की दुकान पर काम करता है। बताया गया कि बेटे की शादी करीब सात वर्ष पूर्व हुई थी और कुछ समय बाद से रमाकांती बेटे-बहू से अलग रहने लगी थी।

### भाजपा ने पं दीनदयाल उपाध्याय को याद किया

**इटावा।** भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' पर पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कल्याण निगम अध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह रहीं। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि पंडित दीन दयाल एक महान विचारक और जनसंघ के संस्थापक थे। कार्यक्रम को निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व सांसद/विधायक रघुराज शाक्य, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, सिद्धार्थ शंकर दोहरे, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशवाह, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, रजत चौधरी, राजकमल यादव, ममता कुशवाहा, डॉ ज्योति वर्मा, चक्रेश जैन कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, सतेंद्र राजपूत, राजवर्धन सिंह भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### हाईवे किनारे से 7 दिनों में हटाएं व्यवसायिक गतिविधियां

**कालपी।** हाईवे किनारे बिना अनुमति व्यवसायिक गतिविधियां कर रहे लोगों को प्राधिकरण ने सात दिनों हटने के आदेश दिए हैं। आटा से कालपी तक हाईवे किनारे बड़ी संख्या में होटल ढाबों के साथ अन्य तरह की भी व्यवसायिक गतिविधियां संचालित होती हैं लेकिन पेट्रोल पम्पों को छोड़ दिया जाए तो अन्य लोगों ने व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण से अनुमति नहीं ली है। अब प्राधिकरण इस फोरलेन को छह लेन करना चाह रहा है जिससे अब हाईवे किनारे व्यापार करने वालों नोटिस दिया जा रहा है इसके लिए उन्हें एक सप्ताह का समय दिया जा रहा है। प्राधिकरण के अभिषेक लोधवाल के द्वारा जारी किए गए चेतावनी नोटिस में कहा गया है कि जो लोग गलत तरीके से हाईवे किनारे व्यवसायिक गतिविधियां संचालित कर वह हाईवे की सीमा में संचालित गतिविधियों को बन्द कर दें।

# टीईटी को लेकर शिक्षकों ने केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री का पुतला फूंका

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में पैदल मार्च किया। मार्च के दौरान आंबेडकर चौराहे के पास केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी का पुतला फूंका।

शिक्षक जयंत चौधरी के उस बयान से नाराज हैं जिसमें टेट की अनिवार्यता का समर्थन किया गया है। इसके विरोध में नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। इससे पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से शुरू हुआ यह पैदल मार्च कचहरी तक पहुंचा। इस दौरान टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद यादव ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री शिक्षकों के साथ वार्ता में कुछ बयान देते है और संसद में उसके विपरीत बयान देते हैं। इससे शिक्षकों में रोष है। सेवा में आने के बीस पच्चीस साल बाद योग्यता हासिल करना कहां का न्याय है। इस आंदोलन में अजय तिवारी,विनोद यादव, बृजेश यादव,देवेंद्र सोलंकी, उपेंद्र वर्मा,रवि तिवारी, मुकेश यादव, रामविलास यादव, राकेश यादव आदि रहे।


केंद्रीय राज्यमंत्री का पुतला फूंकते शिक्षक। अमृत विचार

# इटावा रेलवे स्टेशन पर बनेंगे दो नए प्लेटफार्म

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने कहा कि इटावा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने के लिए दो नए प्लेटफार्म बनाए जाएंगे। अन्य निर्माण कार्य भी अगले एक से डेढ़ वर्ष में पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है। इटावा जंक्शन को बेहतर सुविधाओं वाला स्टेशन बनाने में कोई कसर न बरती जाए।

इटावा जंक्शन रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने कहा इटावा जंक्शन पर करीब 40 साल बाद प्लेटफार्मों की संख्या बढ़ाए जा रहे हैं। बढ़ती ट्रेनों और यात्रियों की संख्या को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। नए प्लेटफार्म लगभग 600 मीटर लंबे और 12 मीटर चौड़े होंगे, जिससे लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन में भी आसानी हो। सर्वे का काम पूरा हो चुका है और निर्माण की ड्राइंग भी तैयार कर ली गई है। डीआरएम सबसे पहले उन रेल लाइनों के बीच पहुंचे जहां प्लेटफार्मों का निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पूछा कि निर्माण के दौरान किन विभागों के कार्यालयों को हटाना पड़ेगा और इसके लिए क्या व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने उन्हें पूरी योजना की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने 12 मीटर चौड़े निर्माणाधीन नए फुट ओवर ब्रिज का भी जायजा लिया।

निरीक्षण के बाद पत्रकारों से डीआरएम ने कहा कि इटावा जंक्शन को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। दो नए प्लेटफार्म बनने से ट्रेनों के संचालन में सुगमता आएगी। इस दौरान सीनियर डीईएन थर्ड प्रयागराज अंकित गुप्ता, डिप्टी सीटीएम टूंडला अमित आनंद रहे।


रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम रजनीश अग्रवाल। अमृत विचार

**40** साल बाद बढ़ाई जाएगी प्लेटफार्म की संख्या

# सड़क हादसों में महिला सहित तीन लोगों की मौत, 10 घायल

## इकदिल, बकेवर, वैदपुरा, जसवंतनगर और लवेदी थाना क्षेत्र में हुए हादसे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत पक्के बाग से घर लौट रहे एक बाइक सवार विकास कॉलोनी भाग-2 निवासी विनोद गुप्ता 50 वर्ष पुत्र बाबूराम गुप्ता को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में विनोद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

इसीतरह थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा महेवा में हाईवे पर एक पेट्रोलपंप के निकट सड़क किनारे खड़े टैंकर में बाइक घुसने से सूरज कुमार 20 वर्ष पुत्र करन कुमार निवासी ग्राम गहवा थाना रूरा कानपुर देहात सहित तीन लोग घायल हो गए थे। घायलों को उपचार के लिए महेवा सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान सूरज कुमार की मौत हो गई। थाना बकेवर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। थाना वैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत बिचपुरी खेड़ा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार कुमकुम पुत्री विनोद कुमार निवासी लहरोई भरथना, मनी पुत्री विजय कुमार निवासी शिवनगर फ्रेंड्स कालोनी, आयुषी पत्नी देवेश कुमार मुख्य चौराहा बकेवर व प्रिया पत्नी सुनील दत्त निवासी करमगंज कोतवाली इटावा घायल हो गईं। चारों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस रोड पर सेंट्रल बैंक के पास तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान फिरोजाबाद जिले के थाना नगला खंगर क्षेत्र के इशहाकपुर निवासी रामचंद्र पुत्र बर्फ सिंह व दुर्गेश पुत्र राम प्रवेश दूसरी बाइक पर सवार नगर के कोठी कैस्त निवासी गौतम पुत्र सुरेंद्र और दीपू पुत्र सुनील के रूप में हुई। रामचंद्र और दुर्गेश अपने गांव से नगर के एक मैरिज होम में आयोजित समारोह में शामिल होने जा रहे थे, जबकि गौतम और दीपू नगर स्थित एक क्लब में वेटर का कार्य करने के लिए जा रहे थे। पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से सभी घायलों अस्पताल ले गई।

### कार की टक्कर से पलट गया ऑटो, महिला की गई जान

**बकेवर।** चकरनगर मार्ग पर लवेदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेंज कोठी के समीप बुधवार को तेज रफ्तार कार ने सवारियां को लेकर जा रहे ऑटो में टक्कर मार दी। इसमें महिला की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया है कि ऑटो चालक राजेश त्रिपाठी पुत्र किशन स्वरूप निवासी दाऊदपुरा बुधवार की दोपहर को बकेवर से सवारियां लेकर चकर नगर जा रहा था। जैसे ही वह लखना रेज कोठी के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही कार के चालक ने कार को लापरवाही के साथ चलाकर आटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद आटो पलटकर खेत में जा गिरा। हादसे में आटो चालक के अलावा उसमें सवार नीतेश पुत्र भोरन सिंह नवासी हनुमंत पुरा व अनूपा देवी पत्नी सूबेदार निवासी चकर नगर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार को छोड़कर भाग जाने में सफल रहा। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टरों ने अनूपा देवी को मृत घोषित कर दिया।


वार्ता करते अमित दीक्षित व अवधेश भदौरिया। अमृत विचार

# 21 लाख पार्थिव शिवलिंग बनाकर किया जाएगा सामूहिक रुद्राभिषेक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व पर 15 फरवरी को प्रातः 9 बजे पक्का तालाब पर 21 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन होगा।

कार्यक्रम के संयोजक एवं जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद अमित दीक्षित ने पत्रकारों को बताया कि तालाब के चार प्रमुख तट हैं, जिन्हें प्रमुख चारधामों के नाम दिए गए हैं, जिसमें से तीन तटों पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण होगा, चौथे तट पर कार्यक्रम का मंच रहेगा। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए महापुरुषों के नाम पर 20 वाहिनीं बनाई गई है। कार्यक्रम में भक्तों को 551 (तसला) पात्रों में पार्थिव शिवलिंग निर्माण हेतु मिट्टी, पूजन सामग्री एवं रुद्राभिषेक हेतु दूध, पंचामृत इत्यादि उपलब्ध कराया जायेगा एवं आचार्यों की उपस्थिति में रुद्राभिषेक होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विहिप के केंद्रीय उपाध्यक्ष चम्पत राय एवं विशिष्ट अतिथि विहिप के क्षेत्र संघटन मंत्री गजेंद्र उपस्थित रहेंगे। दीक्षित ने कहा कलयुग में पार्थिव शिवलिंग की पूजा एवं रुद्राभिषेक विशेष फलदायी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रांत सह मंत्री अवधेश भदौरिया, जिला मंत्री भानु प्रताप सिंह, जिला संयोजक अभिनय चौधरी जिला समरसता प्रमुख कुश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### गैंगेस्टर के तीन दोषियों को दो साल की सजा

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट मधु गुप्ता ने 19 साल पुराने गैंगेस्टर एक्ट के मामले की सुनवाई करते हुए तीन लोगों को दोषी करार दिया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें दो साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2006 में सुरेंद कुमार वर्मा, आशु उर्फ गौरव निवासी पक्का बाग, नीरज शर्मा उर्फ जोशी निवासी पुरोहितन टोला व सौरभ शुक्ला निवासी छिपैटी के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की थी। पुलिस ने सभी के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चतुर्वेदी ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान सुरेंद्र वर्मा की मौत हो गई। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आशु, नीरज व सौरभ को दोषी पाया।दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने तीनों को दो दो साल की सजा व पांच पांच हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया।

# ताला तोड़ घुसे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा, लाखों की चोरी की आशंका

**सैफई।** वैदपुरा क्षेत्र के एक गांव में बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर घुसे युवकों द्वारा जेवरात चोरी करने का मामला सामने आया है। बुधवार सुबह मकान के भीतर संदिग्ध हालात में मिले एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। अलमारी और बक्सों का सामान बिखरा मिला है।

थाना वैदपुरा क्षेत्र के गांव नगला देवसन निवासी शिवराम सिंह पुत्र इतवारी लाल ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका भाई कमलेश कुमार परिवार सहित सूरत में एक निजी कंपनी में कार्यरत है। गांव में उसके बंद मकान से मंगलवार रात गांव के ही निवासी अंशुल पुत्र प्रमोद कुमार, राहुल पुत्र अहिवरन सिंह निवासी चकुपुरा तथा दो अज्ञात युवक मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और घर में रखे जेवरात चोरी कर लिए। अबाज सुन जब वह घर के भीतर पहुंचे तो गांव निवासी अंशुल मौके पर मौजूद मिला, जबकि अन्य साथी उन्हें देखकर भाग निकले। ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पकड़े गए युवक को हिरासत में ले लिया।

### किसान की झोपड़ी में लगी आग, दो भैंसों की मौत


**भरथना।** थाना क्षेत्र के गांव बोझा में देर रात एक किसान की झोपड़ी में अचानक आग लग गई। आग की लपटों में झुलसकर किसान की दो भैंसों की मौत हो गयी। पहुंची दमकल टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बोझा निवासी कमलेश पुत्र राजाराम ने बताया कि देर रात करीब साढ़े 11 बजे घर पर सो रहा था घर के बाहर रखी झोपड़ी में भैंसें बंधी हुई थी, अज्ञात कारणों के चलते झोपड़ी में आग लग गयी।

# सेनानी के समाधि स्थल व सार्वजनिक भूमि पर कब्जा रोकने पर दबंगों ने धमकाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सेनानी के समाधिस्थल और सार्वजनिक जमीन पर अवैध निर्माण और कब्जा हटवाने की कार्रवाई को लेकर दबंगों ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को जानलेवा हमले की धमकी दी जिसकी शिकायत डीएम और एसएसपी से की गई है।

यह बात वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सेनानी पुत्र सुधींद्र भदौरिया, डॉ. जयचंद्र भदौरिया तथा पूर्व डीबीए अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह गौर ने प्रेसवार्ता में बताया कि बसरेहर क्षेत्र के ग्राम लोहिया खुर्द में जनपद के ख्यातिलब्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व सांसद कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया का समाधिस्थल बना हुआ है और वहीं पर सार्वजनिक भूमि भी है जिस पर गांव के ही दबंगों ने कब्जा करने की नीयत से निर्माण कराया जिसकी शिकायत जिला प्रशासन से की गई तो वह अवैध निर्माण हटाया गया। डा. जयचंद्र भदौरिया ने बताया कि इससे नाखुश होकर उक्त दबंगों ने मुझे फोन पर धमकी दी। मैंने कहा कि एक सेनानी की समाधि तथा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कोई कैसे कर सकता है। उसे रोकना हमारी जिम्मेदारी है। इस पर उक्त दोनों ने मुझे धमकी दी। इसके बाद ये लोग हमारे महेरा चुंगी स्थित आवास पर असलहों से लैस होकर आए तथा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जब मैं अपने गनर के साथ बाहर निकला तो भाग गए। हमारी वाजिब शिकायत पर डीएम और एसएसपी ने गंभीरता से संज्ञान लिया है और संबंधित कार्रवाई के लिए भी लिखा है लेकिन लगता है दबंग राजनीतिक संरक्षण प्राप्त भूमाफिया गैंग से जुड़े हुए हैं।


पत्रकारों से बातचीत करते सुधींद्र भदौरिया, डॉ. जयचंद्र भदौरिया। अमृत विचार

- शासन से कब्जा हटवाने व भूमाफियाओं पर कार्रवाई की मांग

# नहीं दोहराई जाएं बोर्ड परीक्षा में हुई गलतियां:जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा यूपी बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से नकल विहीन कराई जाएं। पिछले साल परीक्षा के दौरान जो भी गलतियां हुई थीं वे गलतियां इस साल नहीं होने पाएं।

बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में डीएम ने कहा कि सभी जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा पर पूरी नजर रखें। परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक चलेंगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक कक्ष का कैमरा व वायस रिकॉर्डर चालू रहना चाहिए। किसी भी बालिका परीक्षार्थी की तलाशी पुरुष शिक्षक नहीं लेंगे। सभी प्रश्न पत्र स्ट्रांग रूम में रखे जायेंगे, जिसमें चार डबललॉक अलमारी होंगी। इसकी चाबी स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास होगी। किसी कारणवश यदि दोबारा परीक्षा कराने की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके लिए चौथी डबललॉक अलमारी में अतिरिक्त प्रश्न पत्र रखे जाएंगे। जिसकी चाबी संबंधित थानाध्यक्ष के पास रहेगी। परीक्षा की प्रथम पाली का समय 8.30 बजे से 11.45 बजे रहेगा। दूसरी पाली का समय 2 बजे से 5.15 तक है। स्ट्रांग रूम में नाइट विजन कैमरा की व्यवस्था की गई है। परीक्षा के लिए कुल 67 केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए कहा कि सभी डिजिटल व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाइव रहेंगे। परीक्षा का ऑडियो सहित रिकॉर्डिंग सुरक्षित होना चाहिए। जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी न्यायिक सुशांत श्रीवास्तव, सीओ सिटी रामगोपाल शर्मा मौजूद रहे।

**कार्रवाई** | सदर कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# गाजा के साथ तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर लंबे समय से नशे का कारोबार चलाने वाले व्यापारी पाल बघेल विकास महासभा के जिलाध्यक्ष को दो गुर्गों के साथ दबोच लिया। आरोपियों के पास से मोबाइल, कार व नकदी के अलावा 50 हजार का गांजा बरामद किया गया है।

बता दें कि एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशानुसार सदर कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले व्यापारियों की तलाश में धर पकड़ अभियान चलाने में लगी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा तस्करी कर ले जाए जा रहे नशीले पदार्थ की सूचना मिली। सूचना मिलते ही संयुक्त टीम ने दबिश डाली और कानपुर झांसी हाईवे स्थित अजनारी पुल के नीचे सर्विस रोड पर स्कॉर्पियो कार को घेर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार से एक झोले में रखा 2 किलो 332 ग्राम गांजा बरामद किया। इस दौरान कार पर सवार बालकिशुन पाल पुत्र मंगल पाल, सुरेंद्र पाल पुत्र हरिराम पाल व दीपक यादव पुत्र कल्याण सिंह निवासीगण ग्राम गिरथान थाना एट को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी तलाशी लेने पर तीन मोबाइल फोन 80 हजार रुपये भी बरामद किए गए।

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान नशे के व्यापारी ने बताया कि इस गाड़ी में जो थैला है, उसमें गांजा रखा है। जिसे हम लोग बेचने के लिए आए थे। हम लोग यहां खड़े होकर खरीददार का इंतजार कर रहे थे। बताया गया है कि बालकिशुन पाल पुत्र मंगल पाल करीब 3 वर्षों से पाल बघेल विकास महासभा के जिलाध्यक्ष है। फिलहाल पकड़े गए गंजे की कीमत करीब 50 हजार बताई जा रही है।


पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

- आरोपियों से 80 हजार रुपये की नकदी भी हुई बरामद

# पुराने यमुना पुल का टूटा लोहे का जाल, हादसे की आशंका

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** पुराने यमुना पुल के नीचे से गुजर रहें है तो सावधान रहें। पुल के नीचे टूट कर लटक रहा लोहे का जाल कभी भी गिर सकता हैं।

यमुना का पुराना पुल अस्सी के दशक में बना था जिसकी मरम्मत और देखरेख के लिए निर्माण कम्पनी ने कोठी तक पहुंचने के लिए लोहे का जाल बनाया था लेकिन रखरखाव के अभाव में पुल की रेलिंग के साथ कोठी तक पहुंचने के लिए लगाया गया लोहे का जाल भी जर्जर हो गया है जिसमे कई जगह वह टूट कर लटक गए है जो कभी भी टूट सकते है। नगर निवासी लाला यादव व लखन आदि कहते है कि पुल के पास ही शमशान घाट है और लोग धूप आदि से बचने के लिए पुल की छाया में बैठ जाते है इसके अलावा यमुना तट पर किसानों की फसले भी है जिसके चलते उनका भी आवागमन भी होता है ऐसे मे लटका जाल गिरा तो गम्भीर दुर्घटना हो सकती हैं। हाईवे का रखरखाव करने वाली कम्पनी एन एच आई टी के मैनेजर इन्गलेश शर्मा के मुताबिक अब वह जाल काम के नही है तकनीक विकसित हो जाने के कारण अब कोठी का रखरखाव अन्य तरीके से हो रहा है फिर भी लटके लोहे के जाल को शीघ्र ही हटा लिया जाएगा।


पूल से लटकता लोहे का जाल।

### नियम विरुद्ध बज रहे ध्वनि विस्तारक यंत्र उठा ले गई पुलिस

**जालौन।** उरई रोड पर वीर बालाजी हनुमान मंदिर पर नवकुंडीय श्रीसीताराम महायज्ञ, भागवत कथा और रामलीला महोत्सव का आयोजन चल रहा है। मंगलवार की रात ध्वनिविस्तारक यंत्र पर कार्यक्रम चल रहे थे। पुलिस ने नियम विरुद्ध बताकर यंत्रों को बंद करा दिया और लाउडस्पीकर को अपने साथ कोतवाली ले गई। बुधवार सुबह विश्वजीत सिंह, बजरंग दल से मानवेंद्र सिंह परिहार, विहिप से अनूप दीक्षित, हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजा सिंह सेंगर, सिंटू महाराज, अनुराग श्रीवास्तव, राकेश प्रजापति आदि कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने कोतवाल आनंद सिंह से वार्ता की। वार्ता के बाद आपसी सहमति बनी और पुलिस ने ध्वनि विस्तारक यंत्र मंदिर परिसर में वापस पहुंचा दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक

**अयाना, औरैया।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष जय प्रकाश पाल की अध्यक्षता में अयाना थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रमुख लोगों ने भाग लिया। बैठक के दौरान, थानाध्यक्ष ने सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी और किसी भी असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई ताकि यह पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो सके।

### लोधेश्वर रवाना हुआ कांवड़ियों का जत्था

**फफूंद, औरैया।** मंगलवार को कस्बे के एक मोहल्ला से बाबा भोलेबाबा पर जल चढ़ाने के लिए कांवड़ियों का जत्था निकला।कस्बे के लोधियान मुहल्ले से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा भोले बाबा के जयकारों के साथ लोधेश्वर रवाना हुए। कांवड़ियों का जत्था महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर फफूंद कस्बे से गंगा जल लेने के लिए बिठूर के लिए रवाना हुआ। इस दौरान पूरा माहौल बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। जत्थे की रवानगी के अवसर पर नगरवासियों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर कांवड़ियों का फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। भक्तों को शुभकामनाएं दीं और उनकी सुखद यात्रा की कामना की। वहीं कांवड़िया पंकज राजपूत ने बताया कि हमारे जत्थे के लोग बिठूर से पवित्र गंगाजल लेकर पैदल लोधेश्वर में महादेव भोले बाबा पर शिवरात्रि को जल चढ़ाएंगे।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फर्रुखाबाद।** मंगलवार रात कमालगंज थाना क्षेत्र के खुदागंज गांव में एक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे कुसुमखोर निवासी अनुज कुमार पुत्र रामचन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनुज सड़क पर गिर गया और उसे गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल अनुज को कमलागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हादसे के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। कमालगंज पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दवा खाने से बीमार हुए बच्चों से मिले सपा जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद।** जनपद के कमालगंज विकास खण्ड के गांव राठौरा मोहद्दीनपुर के जवाहर लाल प्रेमा देवी स्कूल में 10 फरवरी 2026 को 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' के मौके पर पेट के कीड़े मारने की दवा (एल्बेंडाजोल) खाने से लगभग 100 से 150 बच्चे बीमार पड़ गए थे। बुधवार को सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव उन बच्चों से मिलने जवाहर लाल प्रेमा देवी स्कूल पहुंचे जहां उन्होंने शिक्षकों एवं पीड़ित बच्चों से घटना की पूरी जानकारी ली। बच्चों से मिलकर स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा बच्चों के स्वस्थ रहने की कामना की साथ ही उन्होंने सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि इस सरकार में अंधेर नगरी चौपट राजा वाला काम चल रहा है। जब नियम है कि स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में हर 6 महीने में दवाई खिलाई जाए फिर 2 साल तक क्यों नहीं दी गई ।

### सड़क खुदाई में कटी बीएसएनएल की केबल

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के कस्बा तिराहे पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क खुदाई के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई। जेसीबी मशीन से की जा रही खुदाई में बीएसएनएल की भूमिगत केबल कट गई, जिसके चलते क्षेत्र में बीएसएनएल के टावर बंद हो गए और मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह ठप हो गया। अचानक नेटवर्क गायब होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना के लगभग 24 घंटे बाद फर्रुखाबाद से बीएसएनएल की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची।

### 15 को आवास विकास में विशाल हिंदू सम्मेलन

**फर्रुखाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में नगर क्षेत्र में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 15 फरवरी को आवास विकास स्थित लोहियापुरम में एक विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसे लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।आयोजकों के अनुसार यह सम्मेलन सामाजिक समरसता, और संगठनात्मक मजबूती के लिए आयोजित किया जा रहा है।

# हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक की मौत, दूसरा गंभीर

## गुरुहाई मोहल्ले में निर्माण कार्य के दौरान हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आए दो लोग

कार्यालय संवाददाता, औरैया



घटना स्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के गुरुहाई मोहल्ले में निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। हाइटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों घायलों को पहले औरैया के 50 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा अस्पताल में भर्ती है।

यह घटना सुधीर कुमार और माटू के घर पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान हुई। बताया गया कि निर्माण के दौरान सरिया ऊपर उठाते समय वह ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया। इससे पोर्वाल कॉलोनी निवासी सुधीर कुमार पोरवाल और मोहल्ला सतेश्वर निवासी माटू गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर में उपचार के दौरान माटू को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि सुधीर कुमार का इलाज जारी है। माटू की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव के घर पहुंचते ही पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर कोतवाल राजकुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना देने का प्रयास किया। इस दौरान मृतक माटू की कक्षा आठ में पढ़ने वाली बेटी रिया ने पुलिस के सामने तीन प्रमुख मांगें रखीं।

रिया ने अपने आठ वर्षीय भाई गोविंद की शिक्षा पूरी कराए जाने, अपनी पढ़ाई व भविष्य के लिए आर्थिक सहायता देने तथा अपनी मां के जीवन भर के भरण-पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। दुकान मालिक के परिजनों और पड़ोसियों द्वारा आर्थिक सहायता का आश्वासन दिए जाने के बाद परिवार शांत हुआ, जिसके बाद पुलिस बल मौके से लौट गया। घटना ने क्षेत्र में निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नुक्कड़ नाटक कर छात्रों ने आम जनमानस को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, औरैया



नुक्कड़ नाटक के जरिये जागरूक करते छात्र – छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि मंयक चौहान माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विकास भवन ककोर में विधि छात्र-छात्राओं ने राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय पर नुक्कड़ नाटक कर आमजनमानस को जागरुक किया।

अभियान में विधि छात्र-छात्राओं के द्वारा पूर्व में अभ्यास व तैयारी कर मध्यस्थता अभियान के विषय को आमजनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। उक्त अभियान में सुलहवार्ता कर पारिवारिक वाद, घरेलू हिंसा के वाद, चेक बाउंस के मामले, मोटर दुर्घटना के वाद, बिजली के वाद, शमनीय आपराधिक वाद तथा लघु प्रकृति के वादों को निस्तारित कराया जाएगा । उक्त नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में मुख्य रुप से

- राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय पर नुक्कड़ नाटक

जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी रविन्द्र कुमार शशि, विनीता पाण्डेय सदस्य स्थायी लोक अदालत, हिमांशू दुबे, नेहा शुक्ला, प्रभा शुक्ला व अवधेश शुक्ला प्रवक्ता विधि कॉलेज, तथा विधि छात्र पीयूष कुमार, मोनिका, मोना, पियूष सिंह, अभिषेक यादव, दिव्यांशी, वियोम, प्राची सिंह, मुस्कान, नाजिस, दीपिका राजपूत, शर्मिला, सरिता, प्रिया, वर्षा, अक्षिता, मासूम और अन्य वादकारीगण व आमजनमानस इत्यादि उपस्थित रहे। विधि छात्रों का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। जनपद के समस्त आमजनमानस से अपील की जाती है कि जिनके वाद न्यायालय में लंबित हैं वे अपने-अपने वादों को सुलहवार्ता के माध्यम से निस्तारित करा राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान का लाभ उठा सकते हैं ।

# नौ साल पुराने मारपीट व गाली प्रकरण में दोषी को 5 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नौ साल पुराने मारपीट और जातिसूचक गालियां देने के मामले में न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम) विकास गोस्वामी ने दोषी अभिलाख सिंह को पांच वर्ष के कठोर कारावास तथा 17 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के बंजारा डेरा प्रेमनगर सुरान गांव का है। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे अपर जिला शासकीय अधिवक्ता उमेश कुमार ने बताया कि वादिनी सोनी देवी ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया था। घटना 14 नवंबर

- अदालत ने 17 हजार रुपये अर्थदंड की सजा भी सुनाई है

2016 की सुबह करीब 10:30 बजे की है। बताया गया कि सोनी देवी अपने घर पर दैनिक कार्य कर रही थीं, तभी उनके घर में पानी भरने लगा। जांच करने पर पता चला कि गांव के अभिलाख सिंह पुत्र विजय सिंह ने अपने खेत में पानी भरने के लिए घर के बाहर जीन पाइप लगा रखी थी। पाइप फटने से पानी लगातार उनके घर में घुस रहा था। विरोध करने पर अभिलाख ने उन्हें जातिसूचक गालियां दीं। जब सोनी देवी ने पानी रोकने के लिए पाइप को ऊंचाई पर उठाया तो आरोपी ने लाठी से हमला कर दिया, जिससे उनकी हाथ की उंगली टूट गई। बीच-बचाव करने आए उनके पति संतोष कुमार के साथ भी आरोपी ने मारपीट की, जिससे उनकी उंगली में फ्रेक्चर हो गया। थाने में रिपोर्ट दर्ज न होने पर वादिनी ने न्यायालय में धारा 156(3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया, जिसके बाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायालय एससी/एसटी एक्ट में हुई। अभियोजन पक्ष ने अनुसूचित जाति की वादिनी व उनके पति के साथ मारपीट व जातिसूचक गालियां देने के आरोप सिद्ध करने के लिए साक्ष्य प्रस्तुत किए। बचाव पक्ष ने आरोपी को निर्दोष बताया, लेकिन दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने अभिलाख सिंह को दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास और 17 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# टीईटी मुद्दे पर शिक्षकों का जोरदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर जनपद के शिक्षकों ने जिला मुख्यालय ककोर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने शिक्षा राज्य मंत्री का पुतला फूंकने का प्रयास किया, जिसे मौके पर मौजूद दिबियापुर थाना प्रभारी रुद्र प्रताप नारायण त्रिपाठी ने छीन लिया। यह प्रदर्शन टीईटी (टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) प्रकरण को लेकर सरकार द्वारा दिए गए असंतोषजनक जवाब के विरोध में किया गया।

जिलाध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव एवं महामंत्री अरविंद राजपूत के नेतृत्व में शिक्षकों ने मार्च निकाला। उन्होंने टीईटी मामले पर सरकार से संतोषजनक उत्तर न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की तथा बीएलओ और जनगणना सहित सभी गैर-शैक्षणिक कार्यों के बहिष्कार की



विरोध प्रदर्शन जताते शिक्षक। अमृत विचार

- जिलाध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव एवं महामंत्री अरविंद राजपूत के नेतृत्व में मार्च निकाला

घोषणा की।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि 9 फरवरी को एक सांसद द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने पत्र के माध्यम से स्पष्ट किया था कि सरकार का टीईटी मामले में सामूहिक छूट देने का कोई इरादा नहीं है। इसी बयान से शिक्षक समुदाय में भारी रोष है। शिक्षकों ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि टीईटी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो मार्च माह में टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षण कार्य के अलावा सरकार द्वारा सौंपा गया कोई भी अन्य कार्य, जैसे जनगणना या निर्वाचन संबंधी कार्य, शिक्षक नहीं करेंगे। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने औरैया स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च किया। प्रदर्शन के दौरान जिला मंत्री अरविंद राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष अशोक भास्कर, नीरज कुमार चक, ओमकार यादव, अनिल यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील यादव, संजय सैंगर, भाग्यनगर ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, मंत्री बुद्ध पाल यादव, सहार ब्लॉक अध्यक्ष पंकज कठेरिया, मंत्री श्री पंकज त्रिपाठी, बिधूना ब्लॉक अध्यक्ष अनिरुद्ध यादव, मंत्री विवेक बाजपेई, अछल्दा अध्यक्ष गिरिश चंद्र यादव, मंत्री अनिल दोहरे, मंत्री राधा कृष्ण कठेरिया (औरैया), मंत्री ओम नारायण पाल सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## एम्बुलेंस पोल से टकराकर पलटी

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम सिरमौरा के समीप देर रात एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई और सड़क पर पलट गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल की घेराबंदी कर सघन जांच-पड़ताल की गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बिजली का पोल क्षतिग्रस्त हो गया और एम्बुलेंस का अगला हिस्सा बुरी तरह टूट गया। सड़क पर कांच के टुकड़े और वाहन के पुर्जे बिखरे मिले। मौके पर न तो एम्बुलेंस का चालक मिला और न ही कोई घायल व्यक्ति। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि तेज रफ्तार और नींद की झपकी के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त एम्बुलेंस को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दिव्यांग सहायता शिविर 12 से 14 फरवरी तक लगेगा



पत्रकारों से वार्ता करते राकेश साध व अन्य लोग। अमृत विचार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** एसएन साध ट्रस्ट के बैनर तले निशुल्क दिव्यांग जन सहायता शिविर का आयोजन 12 ,13 व 14 फरवरी को सेवा केन्द्र फैंसी हाउस एनएकेपी डिग्री कॉलेज के सामने होगा। इस संदर्भ में ट्रस्ट के प्रमुख राकेश साध ने बताया कि शीघ्र ही एक अस्पताल का संचालन शुरू किया जाएगा जिसमें सभी चिकित्साएं मुफ्त होंगी।

उन्होंने बताया कि 12 फरवरी से लगने वाले शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डा.सुबोध वर्मा एवं नाक कान व गला रोग विशेषज्ञ डा. शिखर सक्सेना स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। इस अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा जरूरतमंदों को कान की मशीन, कैलीपर, बैसाखी, व अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जायेंगे। तीनों दिन सुबह नौ बजे से दो बजे तक पंजीकरण होंगे। दिव्यांग जन जरूरी कागजात सहित आकर रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। बताया कि अगला कैंप 6 माह बाद आयोजित होगा। मूक बधिरों के लिए आपरेशन की व्यवस्था भी की जाएगी।

## स्कूटी की टक्कर से तीन घायल

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज ब्लॉक के गांव लुखईया के पास एक स्कूटी ने सड़क किनारे खड़ी एक बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में महिला और स्कूटी सवार दो युवक घायल हो गए।

घायलों में लुखईया निवासी रामादेवी, सादरपुर थाना अलीगंज निवासी अनुराग पुत्र बसंत लाल और गोबिंद पुत्र हंसा लाल शामिल हैं। अनुराग और गोबिंद अपनी स्कूटी से घुमईया थाना मेरापुर में आयोजित भागवत में शामिल होने जा रहे थे। बताया गया कि रामादेवी सड़क किनारे खड़ी थीं, तभी स्कूटी ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला और स्कूटी सवार दोनों युवक दूर जा गिरे और घायल हो गए। तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। रामादेवी की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# सीपी विद्या निकेतन के विदाई समारोह में गम और खुशी का संगम

संवाददाता फर्रुखाबाद



मंच पर विद्यालय के उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के सीपी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कक्षा 12 के विदाई समारोह में खुशी और गम का माहौल देखने को मिला। कक्षा 12 के विद्यार्थियों में साथियों से बिछडने का गम तथा आगे स्वर्णिम भविष्य की खुशी थी। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ तथा छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य एवं लघु नाटिका ने सभी का मन मोह लिया। म्यूजिकल चेयर में बॉयज में पीयूष कुमार सक्सेना एवं गर्ल्स में श्रेया मुखर्जी विजेता रहीं।

समारोह में विद्यार्थियों को मिस्टर सीपीआई, मिस सीपीआई, हरक्यूलिस (क्रीड़ा उत्कृष्टता), कॉन्शियस (100 प्रतिशत उपस्थिति), वॉइस ऑफ सीपीआई, क्रिएटिव टैलेंट एवं डिसिप्लिन जैसी उपाधियों से अलंकृत किया गया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हवन-पूजन भी संपन्न कराया गया। विद्यालय समूह के निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संस्कार, अनुशासन एवं परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उपनिदेशक अंजू राजे ने लक्ष्यनिष्ठ एवं आत्मविश्वासी बनने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं एवं जीवन की नई यात्रा हेतु शुभकामनाएं प्रदान कीं।

समारोह उत्साह, आत्मीयता एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। विदाई समारोह का आयोजन कक्षा 11 के छात्रों द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में नवीन शाक्य, अतुल श्रीवास्तव, पूरन श्रीवास्तव सीके कटियार, उत्तम कुमार का सराहनीय योगदान रहा ।

**क्रिकेट प्रतियोगिता** | मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में उमंग 2 .0 का समापन

# विंध्याचल हाउस ने हिमालय हाउस को हराकर ट्रॉफी जीती

संवाददाता फर्रुखाबाद




विंध्याचल हाउस को ट्रॉफी देते डीन व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के मैदान पर फार्मेसी संकाय के तत्वावधान में आयोजित खेल उत्सव 'उमंग 2.0' का समापन रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। अंतिम दिन खेले गए क्रिकेट फाइनल में विंध्याचल हाउस ने हिमालय हाउस को 76रनों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

फाइनल मुकाबले में हिमालय हाउस के कप्तान आदित्य ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। विंध्याचल हाउस ने लारेब खान के नेतृत्व में निर्धारित 12 ओवरों में 5 विकेट पर 145 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सैफ ने शानदार 69 रन बनाए, जबकि अनुज यादव ने 34 रनों का योगदान दिया। हिमालय हाउस की तरफ से इमरान ने 28 रन देकर 3 विकेट हासिल किए और बल्लेबाजी में भी सर्वाधिक 29 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमालय हाउस की टीम 8वें ओवर में ही 69 रन पर सिमट गई।

- विंध्याचल हाउस ने 145 जबकि हिमालय हाउस ने 69 रन बनाए
- अमन ने लगातार तीन बल्लेबाजों को आउट कर हैट्रिक पूरी की

विंध्याचल हाउस के तेज गेंदबाज अमन यादव ने लगातार तीन बल्लेबाजों को आउट कर हैट्रिक पूरी की और कुल 4 विकेट लेकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए अमन यादव को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। विजेता टीम के कप्तान लारेब खान को कुलपति डॉ. अनिल कुमार चौहान, कुलसचिव रणजीत यादव एवं डीन डॉ. बिंदु राठौर ने चमचमाती ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

वॉलीबॉल के फाइनल में उदयगिरि हाउस, 'टू डॉग वन बोन' के छात्रा वर्ग में विंध्याचल हाउस ने उदयगिरि हाउस को मात दी, जबकि छात्र वर्ग में उदयगिरि हाउस ने बाजी मारी। एथलेटिक्स स्पर्धाओं में भी विंध्याचल हाउस का दबदबा रहा। इस अवसर पर कुलपति डॉ अनिल चौहान, कुलसचिव रणजीत यादव, डीन डॉ बिंदु राठौर, उप कुलसचिव मानवेन्द्र सिंह चौहान, प्राचार्य सुमित कुमार, विवेक आर्या, रिंकेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। डॉ पुष्पेंद्र, डॉ नेहा सिंह, मेघा महेंद्र शर्मा, सूर्यकांत शुक्ला, प्रदीप शर्मा, दीप सिंह, विवेक राठौर, अनीश, दीपक कुमार, विशाल परिहार आदि मौजूद रहे।

# डीएम और एसपी ने किया श्रृंगीरामपुर मेले का निरीक्षण

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली श्रृंगीरामपुर में लगने वाले मेले का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या व उनको होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बाहर के राज्यों व जिलो से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिये। डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि नाव, नाविक व गोताखोरों के नाम व मोबाइल नंबर की लिस्ट

- महाशिवरात्रि के अवसर पर लगता है भव्य मेला

तैयार करा करवा कर हर संबंधित अधिकारी को उपलब्ध करा दी जाये। मेला क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी कराने, खोया पाया केंद्र बनाने, पीए सिस्टम लगाने, पीने के पानी के लिये टैंकर लगवाये जाएं, मोबाइल शौचालय लगाने के निर्देश, घाट तक रास्ता सही कराने के निर्देश, घाट पर बैरिकेडिंग कराने व लाइटिंग कराने के लिये निर्देशित किया,आवागमन के लिए एकल मार्ग व्यवस्था लागू की गई है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, खण्ड विकास अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक कमालगंज व संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### घर के बाहर खेल रहा बालक हुआ लापता

**सुमेरपुर।** ग्राम भौनिया में घर के बाहर खेल रहा बालक अचानक लापता हो गया। खोजबीन के बाद कोई सुराग नहीं लगने पर पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। भौनिया निवासी सर्वेश साहू ने बताया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र अंश घर के बाहर खेलते समय 9 फरवरी को शाम से लापता है। खोजबीन बाद उसका कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया है

### रास्ते में रोककर पीटा एफआईआर दर्ज

**सुमेरपुर।** ग्राम कैथी के मजरा परतल डेरा निवासी राममिलन ने बताया कि वह निमंत्रण करके बच्चों के साथ घर लौटकर जा रहा था, तभी गांव निवासी रामदीन निषाद, छोटे निषाद, रामसरन निषाद ने रास्ते में रोककर गालीगलौज कर जमकर मारा पीटा, जिससे उसके दाहिने हाथ में गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### घर में घुसकर महिला के साथ की छेड़छाड़

**राठ।** मझगवां थाने के एक गांव में एक युवक ने घर में घुसकर एक महिला के साथ अश्लील हरकतें कर छेड़छाड़ कर दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। महिला ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5 बजे अपने घर में अकेले थी। सभी परिजन घर से बाहर गए थे। बताया तभी उसके अकेले होने का फायदा उठा पड़ोसी युवक उसके घर के अंदर घुस आया। आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकतें कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब उसने चिल्लाना शुरू किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। दूसरे दिन आरोपी का भाई उसके घर के दरवाजे पर आकर उसे गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा।

### शिवरात्रि महोत्सव पर बच्चों ने गाए गीत

**सरीला।** महाशिवरात्रि महोत्सव के पहले दिन स्कूली छात्र-छात्राओं ने भक्ति व फिल्मी गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों की वाहवाही लूटी। नेस्ले मार्केट में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रांजल ग्रुप ने गणेश वंदना से शुभारंभ किया। छात्रा महिमा ने लैला मैं लैला, निशा व अनुष्का ने कर दे शादी मेरी मैया, आर्यंस निशा अनुष्का व सृष्टि ने मीठी-मीठी मुरली रिकॉर्डिंग गीतों में नृत्य पेश किया। छात्रा जानवी ने गोली नींद की दे अइओ सजना, अनुष्का व सृष्टि ने दही का दान दे, अनुष्का व आर्यंस ने राधा पल्लू से बांध लेना गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्र दिलीप व कोमिड ने देना हो तो दे दो सांवरे एवं सैया रोटी जवाई बने हो रिकॉर्डिंग गीतों पर नृत्य पेश कर धमाल मचा दिया। कार्यक्रम का संचालन अंकुश सैनी ने किया।

### डीएम ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**कुरारा।** जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने बुधवार को थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने हवालात, लेखाकार कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, अपराध रजिस्टर, महिला हेल्पडेस्क तथा एससी/एसटी एक्ट से संबंधित मुकदमों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी देखी। स्टाफ को निर्देश दिए कि हर पीड़ित की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और उसका समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आमजन को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर थानाध्यक्ष राम आसरे सरोज सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

### दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के पिपरौंदा निवासी सावित्री सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि पुत्री पूनम सिंह की शादी 2 जुलाई 2024 को अलीगढ़ निवासी अनुज कुमार के साथ की थी। शादी के बाद दामाद, उसकी मां प्रेमलता व बहन छाया तथा उसका पति मोनू निवासी फरीदाबाद दहेज को लेकर ताने दे बेटी को प्रताड़ित करने लगे। इसको लेकर कई बार पंचायत हुई। 5 फरवरी को ससुरालियों ने उसे पीटा। जिस पर गांधी पार्क थाने में तहरीर दी। पुलिस ने समझा बुझाकर भेज दिया। 6 फ़रवरी को फिर मारपीट कर रुपये छीन लिए और घर से निकाल दिया। दो लाख रुपये की मांग की। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।



मौत होने के बाद रोती-बिलखतीं कार्तिक के परिवार की महिलाएं। अमृत विचार



मामले की छानबीन करते मौदहा एसडीएम और सीओ। अमृत विचार

# कफ सिरप बना जहर, मासूम की मौत

## सरकारी अस्पताल की चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी पर प्रतिबंधित कफ सिरप पिलाने का आरोप

- अफसरों ने परिवार और आरोपी महिला कर्मचारी से की पूछताछ
- पुलिस बोली, शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद होगी कार्रवाई

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के सिचौली पुरवा मोहल्ला में दो वर्षीय मासूम की कथित तौर पर गलत दवा पीने से मौत हो गई। आरोप है कि यह दवा एक झोलाछाप के तौर पर प्रैक्टिस कर रही सरकारी अस्पताल की चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी ने दी थी। घटना के बाद प्रशासन में हड़कंप मचा है। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सिचौलीपुरवा निवासी ब्रजेश वर्मा का ढाई वर्षीय पुत्र कार्तिक सर्दी जुकाम से पीड़ित था। परिजन उसे पडोस में रहने वाली उमा सिंह के पास ले गए। पड़ोसन अरतरा गांव में सरकारी अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है, लेकिन वह अपने क्षेत्र में कथित तौर पर क्लीनिक चलाकर लोगों का इलाज भी करती है। परिजनों का आरोप है कि उसने बच्चे को कफ सीरप की एक खुराक पिलाई। जिससे कुछ समय बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन मासूम को सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित परिवार का दावा है कि बच्चे को जो कफ सीरप दी गई, वह सरकार द्वारा प्रतिबंधित थी। मामले की गंभीरता को देखते एसडीएम कर्णवीर सिंह, सीओ राजकुमार पाण्डेय और असिस्टेंट सीएमओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने सीएचसी में पीड़ित परिवार और आरोपित महिला कर्मचारी से पूछताछ की है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



4 कार्तिक। अमृत विचार



कफ सिरप दिखाती मासूम की दादी।



आरोपी महिला कर्मचारी। अमृत विचार

> डॉक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।
>
> -कर्णवीर सिंह, एसडीएम

> पूरे मामले की विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. चतुर्भुज राजपूत, एसीएमओ

# मिलेट्स प्रसंस्करण एवं निर्यात केंद्र की मांग की

- राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद ने राज्यसभा में उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद ने राज्यसभा में राष्ट्रीय मिलेट्स प्रसंस्करण एवं निर्यात केंद्र स्थापित कराए जाने का मुद्दा उठाया। कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में हमीरपुर जनपद कम वर्षा वाला क्षेत्र है। यहां की मिट्टी और जलवायु ज्वार, बाजरा, कोदों और रागी जैसी फसलों के लिए ईश्वरीय वरदान है, लेकिन आधुनिक प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन के अभाव में यहां हमारे परिश्रमी किसानों को वह लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसके वे हकदार हैं।

उन्होंने सभापति से आग्रह किया है कि यदि हमीरपुर में यह 'राष्ट्रीय मिलेट्स प्रसंस्करण एवं निर्यात केंद्र स्थापित होता है, तो इसके दूरगामी परिणाम होंगे। किसानों को बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी और उपज का सीधा उचित मूल्य मिलेगा। जिससे किसानों के आय में वृद्धि होगी। हमीरपुर में राष्ट्रीय मोटा अनाज प्रसंस्करण एवं निर्यात केंद्र की स्थापना उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के समूचे 13 जनपदीय बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय केंद्र के रूप में कार्य करेगी। इससे देश के सर्वाधिक पिछड़े क्षेत्रों में से एक में रोजगार, कौशल विकास तथा आर्थिक परिवर्तन को बल मिलेगा। हमीरपुर की भौगोलिक स्थिति कानपुर और झांसी के मध्य होने के कारण लॉजिस्टिक्स की दृष्टि से भी सर्वोत्तम है। अंत मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि हमीरपुर में इस केंद्र की स्थापना कर बुंदेलखंड के किसानों को 'अन्नदाता' के साथ 'निर्यात-दाता' बनाने की दिशा में सार्थक निर्णय लेने का कष्ट करें।



राज्यसभा में किसानों का मुद्दा उठाते बाबूराम निषाद। अमृत विचार

# ढहाए गए पक्के भवन और दुकानें

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के आंबेडकर चौराहे पर बुधवार को दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने को लेकर बुलडोजर गरजा। चौराहे का सुन्दरीकरण व चौड़ीकरण के कार्य को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। वहीं कुछ और लोगों को प्रशासन ने नोटिस थमा 15 दिन का समय भी दिया।

लोनिवि के अधिशासी अभियंता द्रगपाल सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की टीम जेसीबी मशीन लेकर आंबेडकर चौराहे पर पहुंची। जेसीबी मशीन द्वारा अतिक्रमण की जद में आ रहे स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को हटा दिया। इस दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई और वाहनों का आवागमन रुक गया। मकान व दुकानों की तोड़फोड़ से कस्बे वासियों में हड़कंप मच गया है। वहीं कुछ लोगों को नोटिस न मिलने पर प्रशासन ने उन्हें नोटिस थमाए और 15 दिन का समय भी दिया। अधिशासी अभियंता ने बताया कि आंबेडकर चौराहा के चौड़ीकरण व सुंदरीकरण के लिए डाक के जरिए दो से तीन बार नोटिस दिए हैं। जिन लोगों को नोटिस नहीं मिले तो उन्हें फिर से नोटिस दे दिए हैं। 15 दिन में अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। अब यह कार्रवाई लगातार चलेगी। सड़क के मध्य से दोनों ओर 11-11 मीटर की जद में जो भी अतिक्रमण स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण होगा उसे तोड़ा जाएगा। यहां सहायक अभियंता दीपक कुमार सिंह, राजेश कुमार द्विवेदी, अवर अभियंता अजय कटियार, रजनीश, कानूनगो सुरेश यादव व लेखपाल मौजूद रहे।



राठ के आंबेडकर चौराहे पर अतिक्रमण ढहाती जेसीबी। अमृत विचार

# कार का शीशा तोड़ लैपटॉप, सामान पार

**हमीरपुर।** शहर के बंगाली मोहाल में ससुराल आए लेखपाल की कार का शीशा तोड़कर चोर लैपटॉप व मोबाइल ले गए। लेखपाल ने चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मप्र के छतरपुर के घटहरी निवासी रमाशंकर प्रजापति वार्ड नंबर-1 नारायणपुरा वृन्दावनपुरम कॉलोनी में रहते हैं। तहरीर में बताया कि वह छतरपुर तहसील लवकुश नगर (लौड़ी) में गिलौहा में पटवारी (लेखपाल) हैं। वह अपनी कार से पत्नी, बच्चों को लेकर शहर के इद्दू का बगीचा बंगाली मोहाल में ससुर देवीदीन प्रजापति के घर आए थे। कार को टॉवर के बगल में खड़ी कर लॉक कर दिया था। रात में चोरों ने पीछे का शीशा तोड़कर लैपटॉप, चार्जर, एक सरकारी मोबाइल, एक निजी मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अंडरब्रिज निर्माण की रफ्तार सुस्त

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** इंगोहटा गांव के पास कानपुर-बांदा रेल मार्ग के गेट संख्या 25 पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज की धीमी प्रगति से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था की लापरवाही और निर्माण कार्य की गति धीमी होने समय सीमा लगातार बढ़ती जा रही है।

इंगोहटा गांव की लगभग 1000 बीघा कृषि भूमि रेल पटरी के उस पार स्थित है। गेट संख्या 25 बंद होने से किसानों का मुख्य आवागमन मार्ग बाधित है। आगामी एक माह में फसल कटाई का सीजन शुरू होने वाला है, लेकिन ऊंची हार्वेस्टर मशीनें पुराने अंडरब्रिज संख्या 26 से नहीं निकल सकतीं। किसानों का कहना है कि यदि समय पर निर्माण पूरा नहीं हुआ तो कटाई प्रभावित होगी। इसी प्रकार ग्राम तिंदुही का गेट संख्या 23 भी लंबे समय से बंद है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने तिंदुही, मौदहा, अकोना सहित आठ अंडरब्रिज का ठेका एक साथ ले रखा है। जिससे संसाधनों के अभाव में काम रुक-रुक कर हो रहा है। किसान अशोक मिश्र, राम अवतार साहू, राजू अनुरागी, राघवेंद्र सिंह, रमेश सिंह और सज्जन तिवारी सहित सैकड़ों किसानों ने चेतावनी दी है कि एक माह के भीतर रास्ता बहाल नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। सहायक मंडल रेलवे प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि निर्माण शीघ्र पूरा कराने के निर्देश ठेकेदार को दिए गए हैं।



निर्माणाधीन रेलवे अंडरपास का काम काफी धीमा है। अमृत विचार

# डंपर की टक्कर से वेटर की कुचलकर गई जान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर में कानपुर सागर हाईवे पर मंगलवार रात करीब 12:30 बजे बेतवा पुल के पूर्व मां हॉस्पिटल के सामने एक गेस्ट हाउस में वेटर का काम कर पैदल घर लौट रहे किशोर को डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद पुलिस वेटर को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शहर कोतवाली के ग्राम चन्दौखी कुछेछा निवासी दीपू खंगार (17) पुत्र रामसनेही मेरापुर मोहल्ला स्थित जेके लॉन में काम करता था। मंगलवार की रात करीब साढ़े 11 बजे वेटर का काम कर वापस लौट रहा था। तभी हाईवे पर बेतवा पुल के पहले पैदल जा रहे मां हास्पिटल के सामने एक तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दीपू ने सिर में चोट लगने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर एम्बुलेंस की सहायता से पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। यातायात सामान्य हो गया है। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है।

# प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी युवती

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थाना बिवांर में प्रेम प्रसंग के चलते युवती प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड़ी रही। इस पर उसके मां पिता निराश होकर वापस लौटने को मजबूर हो गए।

थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का एक साल पहले एक शादी समारोह में करगांव गांव के युवक पुष्पेंद्र पुत्र रामप्रसाद कुशवाहा से परिचय हो गया। युवक ने उसे मोबाइल फोन दे दिया और दोनों आए दिन फोन से प्रेम प्रसंग की बात करते रहे। युवक ने शादी कर लेने का लालच दे उसे अपने प्रेम जाल में फांस लिया। इधर बिवांर में चल रही विष्णु महायज्ञ में युवक ने सुबह आने का वादा कर उसे भी बुला लिया। युवती सुबह करीब छह बजे अपनी मां से यज्ञ देखने की बात को कहकर घर से जाने लगी। मां के मना करने पर गाली गलौज करने लगी। इस प मां ने जलती लकड़ी से मारपीट कर दी। जिसस उसका चेहरा गला जल गया। इस पर युवती ने अपने मां पिता के खिलाफ थाना में मारपीट की तहरीर दी। एसआई अंकित बैसला ने युवक को बुलाकर जांच शुरू कर दी है। दोनों पक्षों के लोगों आ जाने पर युवती प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड़ी है। युवती के मां-बाप निराश होकर लौटने के लिए मजबूर हो गए।

### युवती के घर पहुंचे प्रेमी की जमकर हुई पिटाई

**बिवांर।** इंस्टाग्राम से दोस्ती के बाद युवती ने प्रेमी को घर से बुला लिया तो भाई ने मारपीट कर उसके कागजात, मोबाइल फोन छीन लिया। युवक के पिता ने थाने में तहरीर दी है। क्षेत्र के पाटनपुर गांव के धर्मदास ने बताया कि पुत्र राकेश नोएडा में फोटो स्टूडियो का काम करता है। फतेहपुर जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बसौली गांव की एमए की छात्रा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हो गई। युवती ने उसकी फोटो बनाकर भेजने की बात कही। फोटो भेजने के बाद युवती ने उसे अपने घर बुलाया। घर पहुंचने पर युवती के भाई ने साथियों के साथ मिलकर उसे जमकर पीटा और आधार कार्ड, पैन कार्ड मोबाइल छीन लिया। बस पर बैठाकर वीडियो बनाया। तीन दिन बाद बेटा घर पहुंचा। पिता ने युवती के भाई व उसके मित्रों के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि केस फतेहपुर का है। यहां तहरीर का औचित्य नहीं है।

# कथा में प्रभु की भक्ति उद्धार के प्रसंग सुनाए

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सिसोलर के मजरा खदरा डेरा में श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास नीतम ज्योति शास्त्री ने प्रभु की भक्ति और मानव के उद्धार प्रसंग का उल्लेख किया।

व्यास जी ने कहा कि नैमिषारण्य में शौनकादिक 88 हजार ऋषियों ने पुराणवेत्ता सूतजी से पूछा- इस कलियुग में वेद-विद्यारहित मनुष्यों को प्रभु भक्ति किस प्रकार मिलेगी और उनका उद्धार कैसे होगा। कोई ऐसा व्रत अथवा तप करिए जिसके करने से थोड़े ही समय में पुण्य प्राप्त हो तथा मनवांछित फल भी मिले। हमारी प्रबल इच्छा है कि हम ऐसी कथा सुनें। सर्वशास्त्रज्ञाता श्री सूतजी ने कहा हे वैष्णवों में पूज्य ! आप सबने प्राणियों के हित की बात पूछी है। अब मैं उस श्रेष्ठ व्रत को आपसे कहूंगा, जिसे नारदजी के पूछने पर लक्ष्मीनारायण भगवान ने उन्हें बताया था। कथा इस प्रकार है। आप सब सुनें। एक समय देवर्षि नारदजी दूसरों के हित की इच्छा से सभी लोकों में घूमते हुए मृत्युलोक में आ पहुंचे। यहां अनेक योनियों में जन्मे प्रायः सभी मनुष्यों को अपने कर्मों के अनुसार कई दुखों से पीड़ित देखकर उन्होंने विचार किया कि किस यत्न के करने से प्राणियों के दुखों का नाश होगा। ऐसा मन में विचार कर देवर्षि नारद विष्णुलोक गए।

**नमामि गंगे परियोजना** | जल सारथी एप पर शिकायत के बाद हरकत में आया विभाग, सहायक अभियंता पहुंचे

# पाइप लाइन डालने के बाद पानी नसीब नहीं

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सुमेरपुर ब्लाक के छानी खुर्द और छानी बुजुर्ग गांवों में नमामि गंगे परियोजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइनों से पानी नहीं मिलने का मामला गरमा गया है। 'जल सारथी' एप पर एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों का संज्ञान लेते हुए नमामि गंगे की आईटीवर्ड टीम के साथ सहायक अभियंता शिवम त्रिपाठी ने स्थलीय निरीक्षण किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि पाइप लाइन डालने के बावजूद उन्हें पानी की एक बूंद नसीब नहीं हो रही है। एक दर्जन लोगों ने जल सारथी पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से अपनी समस्या प्रशासन तक पहुंचाई। शिकायतों के दबाव में विभाग की टीम ने छानी खुर्द और छानी बुजुर्ग पहुंची। टीम के सदस्यों ने शिकायतकर्ताओं के घरों पर जाकर उनसे सीधे संवाद किया और पानी की उपलब्धता की जमीनी हकीकत जानी। टीम ने पाइप लाइन में आ रही तकनीकी दिक्कतों और लीकेज की भी जांच की है। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही तकनीकी खामियों को दूरकर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि, ग्रामीण अभी भी ठोस कार्रवाई के इंतजार में हैं। एई शिवम त्रिपाठी ने बताया कि कार्य करने वाली जय मां लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार को एक सप्ताह का समय दिया गया है। जहां पानी की समस्या है उसे दूर कर पानी दिया जाएगा।



छानी गांव में जांच करती नमामि गंगे की टीम। अमृत विचार

### कलौलीजार लीकेज से सड़क पर गड्ढा

**पौथिया।** कलौलीजार में जालिम कुएं तिराहे पर नमामि गंगे की पाइप लाइन में लीकेज से गड्ढा हो जाने से हादसे का हर पल खतरा मंडरा रहा है। गांव के लक्ष्मी त्रिपाठी, रामबाबू आदि लोगों ने गड्ढे को बंद कराने की मांग जिलाधिकारी से की है।

# होटल संचालक को रॉड से पीटा

- बिजली बंद कर मारपीट, जंजीर अंगूठी व रुपये लूट का आरोप
- ग्रामीणों के मदद से 5 हमलावर पकड़े गए, तीन युवक फरार

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** अज्ञात युवकों ने होटल संचालक सहित तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। इस बीच संचालक की जेब से रुपये गायब हो गए। होटल संचालक की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

छानी खुर्द गांव निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र राकेश कुमार कुशवाहा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि रात 8 बजे अज्ञात युवक दुकान के अंदर शराब के नशे में घुस आए। बिजली बंद कर मारपीट करते हुए सोने की चेन, दो अंगूठी और 50 हजार रुपये छीन लिए। उसके सिर में लोहे की राड से वारकर घायल कर दिया। बीच बचाव करने आए चाचा, चचेरे भाई के साथ भी मारपीट की। पड़ोसियों की मदद व पुलिस के आने पर पांच युवकों को पकड़ लिया गया। घायल युवक को छानी सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया है। पकड़े गए आरोपियों में थाना ललपुरा के स्वासा गांव के अतिकेश पुत्र शिव बहादुर, आदर्श पुत्र राज बहादुर, आकाश सिंह पुत्र कृष्ण कुमार, आनंद पुत्र विनय विश्वकर्मा, थाना सिसोलर का ईशु पुत्र बृजेंद्र सिंह हैं। तीन अज्ञात भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि होटल संचालक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवकों की तलाश हो रही है।

### लाइसेंसी बंदूक, फोन और रुपये छीनने का आरोप

**राठ।** कस्बे के दीवानपुरा सैना रोड मोहल्ले में अधेड़ ने चार लोगों पर बेवजह मारपीट कर उसकी लाइसेंसी बंदूक, मोबाइल और रुपये छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। दीवानपुरा सैना रोड मोहल्ला निवासी यादराम सोनी ने बताया कि सोमवार रात करीब 9 बजे कांशीराम कॉलोनी के पास चार लोगों ने उसके साथ बेवजह गाली गलौज कर उसे मारापीटा। आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसकी लाइसेंसी बंदूक, मोबाइल और रुपये छीन लिए तथा उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### आधा दर्जन लोगों को लाठी-डंडों से पीटा

**महोबा।** थाना श्रीनगर क्षेत्र के बरा गांव की रानी पत्नी जयराम ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के कैलाश, राजेश, अखिलेश लाठी–डंडे लेकर मंगलवार की देर शाम जबरन घर में घुस आए और हमला कर दिया, जिससे उसकी पुत्री रंगीता, योगिनी रोशनी व पुत्र संदीप, विकल्प घायल हो गए। बताया कि मारपीट के बाद से उनका परिवार में दहशत और डरे हुए हैं। पीड़िता ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**कुलपहाड़।** महाशिवरात्रि, रमजान एवं होली पर्व को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता व क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में हुई। बैठक में आपसी सौहार्द के साथ अपने अपने त्योहारों मनाने और नई परम्परा न बनाए जाने पर जोर दिया गया। उन्होंने डीजे संचालकों को निर्देश दिए कि अश्लील गाने नहीं बजाए जाएंगे और न ही तेज ध्वनि होगी। उल्लंहन करने पर कार्रवाई की जाएगी। यहां एसआई विकास तिवारी, अंकिता राजपूत, योगेश रावत, कृष्णा वैश्य, समाजसेवी सगीर खां पहलवान, हरगोविंद, पवन नामदेव आदि लोग उपस्थित रहे।

### एम्बुलेंस व बाइक की टक्कर, युवक घायल

**बेलाताल।** अजनर मैदान के क्रिकेट टूर्नामेंट में फूलों की माला देकर बाइक से लौटते समय एम्बुलेंस से टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। अजनर निवासी राज (17) पुत्र सुरेश सैनी टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में फूलों की मालाएं देकर घर लौट रहा था। इसी दौरान बाइक एजेंसी के सामने छतरपुर से पचारा मरीज को लेकर जा रही एक एम्बुलेंस से उसकी टक्कर हो गई, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### बिजली-पानी के लिए सौंपा गया ज्ञापन

**महोबा।** सदर तहसील के छिकहरा गांव के मुल्लाखोड़ा में दो सप्ताह से बिजली न आने से ग्रामीणों को शाम होते ही अंधेरे में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं पाइप लाइन में पानी न आने से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर बिजली और पानी जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की मांग उठाई है। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि दो सप्ताह से ट्रांसफार्मर और लाइन में खराबी आने से बिजली नहीं मिल पा रही है। सबसे ज्यादा रात में दिक्कत हो रही है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर महिलाओं को घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अधिशासी अभियंता से शिकायत के बाद भी समस्या दूर नहीं हुई। हर घर जल योजना में एक बूंद पानी नसीब नहीं हो सका। प्रार्थना पत्र देने वालों में ज्ञान सिंह, मूलचंद्र, चंद्रशेखर, जयकुमार प्रेमरानी बलराम, सुमन, बल्दू, फूलसिंह, रामबाबू, ताराचंद, हरगोविंद, सूरज पाल, मूरत सिंह, अनिल सहित आधा दर्जन ग्रामीण शामिल रहे।



महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर आरती करते पंडित। अमृत विचार



प्रदर्शनी का जायजा लेतीं डीएम गजल भारद्वाज।



शोभायात्रा में शामिल झांकियां। अमृत विचार

### वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच डीएम ने किया शुभारंभ, उगते सूर्य को अर्घ्य देकर खुशहाली की कामना

# शंखनाद के साथ सूर्य महोत्सव का आगाज

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिले की वर्षगांठ पर बुधवार को सुबह छह बजे सूर्य मंदिर रहेलिया में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सात दिवसीय सूर्य महोत्सव का शुभांरभ किया गया। महोत्सव का शुभारंभ होते ही मंत्रों की गूंज और शंखनाद से रहेलिया क्षेत्र सरावोर हो गया। इसके बाद महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने दीप प्रज्जलन के साथ किया। इस मौके पर जिले के तमाम अधिकारी और जनप्रतिधि उपस्थित रहे।

ऐतिहासिक नगरी महोबा में नौवीं शताब्दी के प्राचीन सूर्य मंदिर प्रांगण पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़ ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सूर्य महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर सुबह से ही लोग सूर्य मंदिर परिसर पहुंच गए। जिले के प्रभारी मंत्री राकेश राठौर भी डिजीटल माध्यम से इस उत्सव से जुड़े उन्होंने सूर्य महोत्सव को सांस्कृतिक एकता और गौरवशाली विरासत के संरक्षण का एक सशक्त माध्यम बताया। इस मौके पर आयोजित किया गया अंतरिक्ष दर्शन कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने युवा और बच्चों के बीच उत्सह पैदा किया।



महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर सूर्य को देखते डीएम गजल भारद्वाज और एसपी प्रबल प्रताप सिंह। अमृत विचार

महोत्सव के शुभारंभ पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह महोत्सव के केवल आस्था का केंद्र नहीं बल्कि पर्यटन और स्थानीय कलाकारों को एक बड़ा मंच प्रदान करने का जरिया भी है। 11 फरवरी 1995 को महोबा जिले की स्थापना हुई थी। जिले की स्थापना को यादगार बनाने क लिए 11 से 17 फरवरी तक चलने वाले सूर्य महोत्सव की शुरूआत कराई है। इस महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रहेगी, जिससे बुंदेलखंड के कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए मंच भी मिलेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समय समय पर होते रहने चाहिए, इससे कलाकारों को मंच मिलता है और उनकी झिझक खत्म होती है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से जिले के पर्यटन मानचित्र को नई पहचान मिलेगी।

**स्कूली बच्चों ने निकाली शोभायात्रा :** सूर्य महोत्सव के मौके पर बुधवार को सुबह सूर्य मंदिर परिसर से स्कूली बच्चों ने शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा में राजकीय बालिका इंटर कालेज महोबा, सरस्वती बालिका इंटर कालेज, शिशु शिक्षा निकेतन इंटर कालेज सहित तमाम विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने शोभा यात्रा में शिरकत की। शोभायात्रा में झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा मोदी ग्राउंड में पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा की अगवाई जीजीआईसी की प्रधानाचार्या सरगम खरे कर रही थी। जिलाधिकारी ने शोभायात्रा में शामिल झांकियों को देखा। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिलखी और पूर्व माध्यमिक विद्यालय बलचौर के छात्रों और शिक्षक द्वारा सजाई गई झांकियों की सराहना की।

#### मोदी ग्राउंड में लगी प्रदर्शनी, भीड़ जुटी

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शोभायात्रा के मोदी ग्राउंड पहुंचने के बाद पुस्तक मेला और मेले का उद्घाटन किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने मोदी ग्राउंड में बेसिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, खादी भंडार, स्वास्थ्य विभाग, पशु विभाग सहित तमाम विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी पहुंचकर जायजा लिया। प्रदर्शनी में सजाई गई वस्तुओं को नजदीक से देखा। बेसिक शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी की खासी सराहना की। प्रदर्शनी में विभाग के कर्मचारी और शिक्षक पहले से मौजूद रहे।

# सिंचाई करने गए किसान की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** महोबकंठ थाना क्षेत्र के पहाड़िया गांव में खेत की सिंचाई करते समय एक किसान की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सुबह जब खेत स्वामी पहुंचे तो किसान का शव देख के परिजनों को सूचना दी। सांस की आस में सीएचसी ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पहाड़िया गांव निवासी रामसिंह (62) पुत्र कमला विश्वकर्मा मंगलवार रात खेत पर सिंचाई करने के लिए गया था। बुधवार की सुबह जब खेत मालिक मौके पर पहुंचे तो किसान को अचेत पड़ा देख परिजनों को सूचना दी। परिजनों के आने पर सीएचसी ले गए, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुत्र की सूचना पर एसआई देवीशंकर मिश्रा पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक का पुत्र रवि द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पिता खेत में सिंचाई करने के लिए मंगलवार की रात गए हुए थे, लेकिन तड़के सुबह न आने पर परिजनों को चिंता होने लगी और बुधवार को खेत मालिकों ने सूचना दी कि रामसिंह खेत पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस ने बताया कि मौत के सही कारणा ज्ञात नहीं हो सका है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा, वहीं मृतक के पुत्र ने पिता की ठंड लगने से मौत होने की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच पड़ता कर लोगों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। मृतक अपने पीछे पत्नी केशर देवी, दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गया है।

# बिजली-पानी को लेकर सड़क पर लगाया जाम

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- तीन घंटे तक जाम लगाकर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड किसान यूनियन की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष किरण पाठक के नेतृत्व में किसानों ने ननवारा गांव में कई दिनों से बिजली न आने और हर घर जल योजना के तहत पानी सप्लाई न होने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को ग्रामीणो के साथ मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जाम की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर किसान नेताओं को समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने एक नहीं सुनी। बाद में उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार से फोन पर वार्ता के बाद ग्रामीणों ने तीन घंटे बाद जाम खोल दिया।

एसडीएम ने बिजली विभाग के एसडीओ प्रदीप कुमार को मौके पर भेजा। वार्ता के बाद एसडीओ ने दो दो हजार रुपये जमा कराने के बाद बकायेदारों के कनेक्शन जोड़ दिए। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। जाम लगने से करीब तीन घंटे तक आवागमन ठप रहा, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष किरण पाठक के अलावा राष्ट्रीय सचिव अखिलेश रावत, जिला प्रभारी राधा वर्मा, तहसील अध्यक्ष गिरजा राजपूत, प्रभारी बालाजी, चरण सिंह यादव, पप्पू पंडित, छबिलाल यादव सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# खतौनी नहीं मिलने का मामला सदन में उठाया

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने विधान परिषद बजट सत्र के दौरान नियम 111 के तहत सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए मौजा कुलपहाड़ के किसानों की खतौनी का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि किसानों की मृत्यु के बाद उनकी वरासत और नामांतरण का कार्य नहीं हो पा रहा है, जिससे किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ नहीं मिल रहा है।

एमएलसी ने सदन में बताया कि 30 जुलाई 2022 को मौजा कुलपहाड़ के अंतर्गत लगभग 3200 खातेदार और 7500 एकड़ कृषि भूमि अच्छादित है। धारा 52 का प्रकाशन हो जाने के बावजूद किसानों मृत्यु के उपरांत वरासत का संकट बढ़ गया है। बताया कि शासन द्वारा ई फॉर्मर रजिस्ट्री भी तकनीकी कारण से नहीं हो पा रही है, जबकि चकबंदी प्रक्रिया और राजस्व विभाग खतौनी टंकण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, जिससे राजस्व विभाग खतौनी भी कंप्यूटरीकृत उपलब्ध नहीं करा पा रहो है जिससे



एमएलसी जितेंद्र सेंगर।

- एमएलसी ने किसानों की मृत्यु के बाद वरासत और नामांतरण प्रक्रिया पूरी करने की रखी बात

क्षेत्रीय किसानों में गुस्सा है। मौजा कुलपहाड़ के किसानों की खतौनी को राजस्व विभाग में कंप्यूटर अभिलेख अतिशीघ्र जारी कराया जाना आवश्यक है, जिससे जनहित में अविलम्ब समस्या पर सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए जिले के मौजा कुलपहाड़ के किसानों की खतौनी राजस्व विभाग कंप्यूटर अभिलेख में अति शीघ्र जारी कराए जाने के लिए कार्रवाई कराई जाने की सदन में वक्तव्य दिलाए जाने की मांग की। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने शासन को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# पांच विभूतियों को दिया गया पुष्कल सिंह वीरभूमि सम्मान

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिला स्थापना दिवस पर बुधवार को शहर के अंबेडकर पार्क में बुंदेली समाज के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयेजन किया गया, जहां पर वीरभूमि का नाम रोशन करने वाली पांच विभूतियों को स्व. पुष्कल सिंह वीरभूमि सम्मान प्रदान किया साथ ही जिला आंदोलन के प्रमुख योद्धा स्व. पुष्कल सिंह के नाम पर स्टेडियम का नाम रखने की मांग उठाई। उन्होंने जिला स्थापना दिवस पर सूर्य महोत्सव जैसे कार्यक्रम शुरू करने के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

आल्हा चौक स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित सम्मान समारोह में जिला बनवाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले पूर्व विधायक अरिमर्दन सिंह को सम्मानित किया गया। मंच पर मौजूद बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला, कैप्टन मोहन सिंह, कैप्टन देवी दीन यादव, पूर्व वैज्ञानिक डा. राम सेवक चौरसिया व हरीओम बादल ने पुष्कल सिंह सम्मान से अलंकृत सभी विभूतियों को आशीर्वाद दिया और जिला बनने के बाद 31 वर्ष के सफरनामा पर प्रकाश डाला। राजा बुंदेला ने कहा कि अभी महोबा को आगे ले जाने के लिए बहुत काम बाकी है, जिसके लिए बुंदेली प्रयास कर रहे हैं और यह प्रयास अंत तक जारी रहेगा। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि सम्मानित होने वाली हस्तियों में मध्य प्रदेश अंडर 19 क्रिकेट टीम से खेल रही जान्हवी राजपूत, गौरहारी के मूर्तिकार कालीदीन व वीरेन्द्र विश्वकर्मा, सुगिरा के रिकार्ड धारी जिमनास्ट उत्तम सिंह, शिक्षक अपर्णा नायक व नाट्य कलाकार संदीप चंदेल शामिल हैं। इस मौके पर बुंदेली समाज के महामंत्री अजय बरसैया, प्रवीण पांडेय, देवव्रत त्रिपाठी फतेहपुर, आश्रय सिंह उरई, प्रताप सिंह बुंदेला, नियाज़ मोहम्मद, नईम अंसारी, रामेश्वर, महेन्द्र, प्रेम, लालता चौरसिया, हरीओम निषाद, मामा पान वाले, गया प्रसाद, राहुल अग्रवाल, कमलेश श्रीवास्तव, वीरबहादुर सिंह बुंदेला आदि लोग मौजूद रहे।



सम्मानित होने वाली विभूतियां और अतिथि।


**कार्यालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (सप्तम)/वन बन्दोबस्त अधिकारी, कानपुर नगर**

पत्रांक: 107 / व0ब0अधि0 / 2026 दिनाँक: कानपुर 9/2/2026

भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–6 के अन्तर्गत की गयी घोषणा–

भारतीय वन अधिनियम– 1927 की धारा– 4 के अधीन उत्तर प्रदेश सरकार ने विज्ञप्ति संख्या 6997/14–3–4 (23)–79 दिनांक 16.06.2000 द्वारा घोषित किया गया कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लिखित भूमि को आरक्षित वन के रूप में गठित करने का विनिश्चित किया गया है।
अतः भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–6 की आवश्यकता को पूरा करने के लिये यह घोषित किया जाता है कि नीचे लिखी भूमि के आरक्षित वन बन जाने से यह परिणाम होगा कि वनविभाग की आज्ञा या अनुमति बिना नीचे लिखे को इस क्षेत्र में नहीं किये जा सकते :–
1– किसी भूमि पर अधिकार करना
2– आग लगाना, ले जाना या जलाना।
3– पशुओं को उन पर छोड़ना या चराना।
4– वृक्ष पातन (काटना) वृक्षों के पत्ते काटना, वृक्षों का चिरान करना, जलाना आदि या उनकी छाल उतारना।
5– पत्थर खोदना, चूना या कोयला जलाना आदि।
6– भूमि तोड़ना या सफाई करके खेती योग्य बनाना।
7– अवैध शिकार करना, मछली मारना, पानी में जहर डालना।
8– हाथी मारना या पकड़ना आदि।
इन कार्यों के करने वाले व्यक्ति को भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–26 (1) (ए) (जे) के अधीन दण्डित किया जा सकता है।
सर्व साधारण को यह भी सूचना दी जाती है कि जो व्यक्ति भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–8 और 5 में वर्णित किसी अधिकार पर अपना दावा समझता है तो वन बन्दोबस्त अधिकारी कानपुर जिला कानपुर के सामने इस विज्ञप्ति की तारीख से 03 माह के अन्दर उपस्थित हो और अपना दावा प्रस्तुत करें या अपना दावा लिखित रूप में भेजें।

| क्र0 सं0 | जिला | तहसील | परगना | ग्राम | खसरा नं0 | क्षेत्रफल (हे0 में0 | सीमा विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कानपुर नगर | नर्वल | नर्वल | कटरी विपौसी | 1–ख | 10,760 | उत्तर–सीमा कटरी बगहा दक्षिण–सीमा कटरी लाहमपुर पूरब– सीमा गंगा नदी पश्चिम– सीमा विपौसी बांगर |
| | | | | | 2 | 11.280 | |
| | | | | | 3 | 40.550 | |
| | | | | | 4 | 9.000 | |
| | | | | योग | | 71.590 | |

वन बन्दोबस्त अधिकारी / अपर जिला मजिस्ट्रेट (सप्तम), कानपुर


दमखम दिखाया

### वार्षिक क्रीड़ा समारोह के दूसरे दिन शतरंज, बैटमिंटन, दौड़ आदि की हुईं प्रतियोगिताएं

# हार–जीत स्वीकार करना सिखातीं खेल स्पर्धाएं

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** साईं कालेज ऑफ एजुकेशन डिग्री कालेज में चल रहे 19वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह के दूसरे दिन दौड़, शतरंज, बैडमिंटन आदि खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। खेल प्रभारियों की देखरेख में आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग करके अपने खेल से उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। बुधवार को संपन्न हुई शतरंज प्रतियोगिता में बालक वर्ग में विष्णु और बालिका वर्ग में अंजली विजेता रहीं। प्रतियोगिता दौरान प्राचार्य ने अपने संबोधन से प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

वार्षिक क्रीड़ा समारोह के दूसरे दिन हुई बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में जयंती ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि राशि कश्यप और याशिका राठौर क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रामविवेक ने पहला, नितेश ने दूसरा और अलोक ने तीसरा स्थान हासिल किया। 200 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में नितेश ने बाजी मारी तो रामिववेक दूसरे व आलोक को तीसरा स्थान मिला। बालक वर्ग शतरंज प्रतियोगिता में विष्णु विजेता व सूर्यांश को उपविजेता घोषित किया गया। बालिका वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में अंजली विजयी रही जबकि उपविजेता विजेयी वर्मा रहीं। स्पून मार्बलरेस में राधा प्रथम, याशिका द्वितीय व राशि कश्यप को तृतीय स्थान मिला। बालिका वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता में नम्रता और राशि कश्यप विजयी रही जबकि जयंती व नंदनी उपविजेता रही।



शतरंज प्रतियोगिता में दिमागी कसरत करतीं प्रतिभागी। अमृत विचार

कालेज में चल रहे क्रीड़ा समारोह के दूसरे दिन प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिताओं की शुरूआत कराते हुए कहा कि खेल केवल शरीर को ही नहीं बल्कि मन और चरित्र को भी मजबूत बनाता है। खेल के मध्यामय से हार जीत दोनो को स्वीकार करना सीखता है जो जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा है।

उन्होंने कहा कि खेल छात्र छात्राओं को गिरकर फिर से उठने की प्रेरणा देता है और आत्मसंयम के अलावा संघर्ष दौरान मुस्कुराना सिखाता है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे जीत पर गर्व करें और हार से सीख ले क्योंकि दोनो ही जीवन के महत्वपूर्ण अध्याय हैं। इस मौके पर डॉ. मैराज खान, प्रवीण वाजपेयी, प्रदीप सिंह, आदर्श कुमार, आशीष चौरसिया, रजनी पटैरिया, अंजना श्रोतीय, भावना साहू, रामशरण कुशवाहा सहित तमाम खेल प्रभारी मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


**कार्यालय ग्राम पंचायत सरसेड़ामाफ विकास खण्ड गोहाण्ड. (हमीरपुर)**

पत्रांक :– मेमो / विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक:–10–02–2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग, एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत **ग्राम पंचाय सरसेड़ामाफ** में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते है जो दिनांक 18–02–2026 को अपरान्ह 3: 00 बजे तक **ग्राम पंचायत सरसेड़ामाफ** के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3: 30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 11–02–2026 से दिनांक 28–01–2026 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत /सामग्री | धरोहर धनराशि 2% | निविदा का मूल्य + टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मनरेगा | ग्रा.पं0 **सरसेडामाफ** में रामश्री के मकान से संजय के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 1.81871 लाख रू0 | 3.637 रु0 | (225)+ (41) रू0 | 06 माह |
| 02 | मनरेगा | ग्रा.पं0 **सरसेडामाफ** में पप्पू के मकान से मथी के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 1.64379 लाख रू0 | 3.287 रु0 | (225)+ (41) रू0 | 06 माह |
| 3 | मनरेगा | ग्रा.पं0 **सरसेडामाफ** में मन्दिर के पास चबूतरा एवं टीन शेड निर्माण कार्य | 3.21361 लाख रु0 | 6.427 रु0 | (225)+ (41) रू0 | 06 माह |
| 4 | मनरेगा | ग्रा.पं0 **सरसेडामाफ** में राम किशन के मकान से विनोद के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 4.93392 लाख रु0 | 9.867 रू0 | (225)+ (41) रू0 | 06 माह |

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नही होगी।
3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें।
5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा कि स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी।
6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

ग्राम पंचायत /विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सरसेडामाफ, विकास खण्ड-गोहाण्ड (हमीरपुर)

# सफल हुआ सत्याग्रह श्रमदान यज्ञ, प्रशासन ने दिया सहारा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** आखिरकार गोल तालाब को लेकर किया जा रहा समाजसेवियों का जल सत्याग्रह और श्रमदान सफल हुआ। बुधवार को एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल यादव मौके पर पहुंचे। सत्याग्रह की अगुवाई कर रहे समाजसेवी अभिमन्यु भाई ने बताया कि एडीएम ने बताया कि जिलाधिकारी ने अब इस तालाब का जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण कायाकल्प योजना के तहत कराने का आश्वासन दिया है।

गौरतलब है कि मुख्यालय स्थित गोल तालाब की सफाई को लेकर समाजसेवी मुहल्लेवालों के साथ कई हफ्ते से यहां सफाई में जुटे हैं। अभिमन्यु भाई ने बताया कि इस जल सत्याग्रह के तहत 17वें दिन भी सुबह श्रमदान शुरू हो गया था। चित्रकूट विरासत संरक्षण फोरम के जल प्रहरी हीरा सिंह , राम मनोहर वर्मा, लवकुश सिंह मुहल्ले के भूरा, अर्जुन, देवीदयाल, छोटेलाल, अर्जुन, देवनाथ, ज्ञानमती, चंदा देवी, माया देवी आदि के साथ तालाब की सफाई कर रहे थे। बताया कि इसी दौरान वहां अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल यादव पहुंचे।



गोल तालाब की सफाई में जुटे समाजसेवी और मोहल्ले के लोग। अमृत विचार

अपर जिलाधिकारी ने सत्याग्रह को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि जलकुंभी निकालने के लिए किए जा रहे श्रमदान को आप लोग रोक दीजिए। प्रशासन इस तालाब का कायाकल्प करने के लिए तैयार है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने तालाब को सुंदर बनाने का निर्णय लिया है। अब इसका जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण प्रशासन कराएगा। उनकी घोषणा सुनकर वहां मौजूद सत्याग्रही और स्थानीय निवासी प्रसन्न हो गए। अभियान के संयोजक सीएल वर्मा ने अपर जिलाधिकारी का माल्यार्पण किया तो एडीएम ने भी श्रमदानियों का सम्मान किया।


एडीएम का स्वागत करते समाजसेवी अभिमन्यु व अन्य। अमृत विचार

**लोगों ने बताई अपर जिलाधिकारी को समस्याएं :** अपर जिलाधिकारी को लोगों ने समस्याएं बताईं। इस दौरान महिलाओं और बच्चों ने पीने के पानी की सबसे बड़ी समस्या बताई। भूरा ने कहा कि तालाब में नाली-नालों व बस्तियों के सीवर के गंदे पानी से भूजल दूषित है। हैंडपंपों के पानी में भी बदबू है। चंदा देवी ने कहा कि खराब दूषित पानी के कारण मुहल्ले में पेट के रोगी सबसे अधिक हैं। छोटे लाला ने बताया कि यहां अक्सर पशु डूबकर मर जाते हैं।



'अमृत विचार' में 30 जनवरी को प्रकाशित समाचार। अमृत विचार

### श्रमदान रुका, सत्याग्रह नहीं

- अभिमन्यु भाई ने कहा कि प्रशासन के आश्वासन के बाद श्रमदान तो रोक दिया जाएगा लेकिन जल सत्याग्रह तब तक चलेगा जब तक की समाज जल धरोहरों के ऊपर हिंसा नहीं बंद करेगा। चित्रकूट का भूजल इसलिए भी खराब हो रहा है कि जल धरोहरों के ऊपर सीवर और नाले लगाई जा रहे हैं। बताया कि अगर प्रशासन ने काम नहीं शुरू कराया तो फिर से आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

### 'अमृत विचार' की सत्याग्रहियों ने की सराहना

- गौरतलब है कि 'अमृत विचार' द्वारा समय समय पर इस अभियान की खबरें प्रकाशित की गईं। इस पर समाजसेवियों और मुहल्लेवालों ने अखबार की सराहना की। समाजसेवी अभिमन्यु भाई और अन्य ने कहा कि मीडिया का भी इस तरह के कामों में सहयोग आवश्यक है। 'अमृत विचार' की पत्रकारिता इस मायने बेजोड़ है।

## न्यूज ब्रीफ

### कुलपति ने रोपा ग्रामोदय महोत्सव स्मृति पौधा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में ग्रामोदय महोत्सव के चौथे दिन कुलपति प्रो. आलोक चौबे ने मुख्य परिसर में ग्रामोदय महोत्सव स्मृति वृक्ष का रोपण किया। उन्होंने ग्रीन कैंपस – क्लीन कैंपस संकल्पना पर विस्तार से प्रकाश डाला। बुधवार को खेल परिसर में कबड्डी की फाइनल प्रतियोगिता हुई। कला संकाय की छात्राओं ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। कृषि संकाय की टीम उपविजेता रही। इस दौरान अन्य खेलों की भी फाइनल प्रतियोगिताएं हुईं। गायन, नृत्य, अभिनय, प्रहसन एवं नाट्य की फाइनल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पोस्टर निर्माण एवं ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और सामाजिक सरोकारों को सशक्त अभिव्यक्ति दी।

### महायज्ञ में लग रही श्रद्धालुओं की भीड़

**चित्रकूट।** मड़फा महादेव मंदिर में स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी के मार्गदर्शन में चल रहे शिव शक्ति महायज्ञ और राजराजेश्वरी महाआराधना में श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। उनके अनुयायियों में राजनीतिज्ञ भी शामिल है। प्रदेश में हालांकि अभी चुनाव में कुछ समय है लेकिन इस आयोजन में क्षेत्र के तमाम नेता भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। नेता उनका आशीर्वाद लेकर उनसे मंत्रणा करते नज़र आते हैं। हर दिन दर्जनों छोटे बड़े नेता स्वामी जी की कृपा और आशीर्वाद की आस मंर पहुंच रहे हैं। वर्तमान दौर को देखते हुए बड़ी संख्या में युवा राजनीति को करियर के रूप में चुनना पसंद कर रहे हैं। युवा पैसा और पावर हासिल करने के लिए राजनीति को सबसे बड़ा सुगम जरिया मानते हैं।

### पुण्यतिथि पर दी पं. दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर प्रकल्पों में कार्यक्रम कर उनको श्रद्धांजलि दी। कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद केंद्रीय उष्ण बागवानी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान के सभी स्वावलंबन ग्रामीण केंद्रों पर भी पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके एकात्म मानववाद के दर्शन पर व्याख्यानमाला की गई।

### नाबालिग से दुष्कर्म गर्भपात का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर गर्भवती करने व गर्भपात कराने के आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना भरतकूप एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री से विनोद ने एक वर्ष तक अवैध संबंध बनाए। गर्भवती होने पर विनोद ने गोली खिलाकर पुत्री का गर्भपात करा दिया। बुधवार को भरतकूप थाने के अपराध निरीक्षक अभयराज सिंह ने मुखबिर की सूचना पर गोड़ा मोड़ के पास से आरोपी विनोद को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई अभिषेक सिंह, कांस्टेबिल नन्हे यादव और संदीप लोधी शामिल रहे।

### बंटवारे को लेकर विवाद, तीन घायल

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** रामपुर कल्याणगढ़ गांव में मंगलवार को घर के बंटवारे को लेकर परिवार के लोग झगड़ पड़े। इसमें पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गए। परिवार में संपत्ति के बंटवारे को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। इसमें मुन्नालाल यादव, उनके पुत्र राधेश्याम यादव और धनंजय यादव घायल हुए। गंभीर घायल राधेश्याम यादव के सिर में चोट आई है, जबकि मुन्नालाल यादव के पैर और धनंजय यादव को भी चोटें आई हैं। राधेश्याम ने बताया कि जमीन में रखे टेंट के पाइप हटाने को लेकर झगड़ा बढ़ा, जिसके बाद बड़े पापा (ताऊ) रामकुमार यादव पुत्र पट्टू यादव और चाचा मनभरन यादव ने हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पंचायत की बैठक 24 को

**रामनगर (चित्रकूट)।** खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि क्षेत्र पंचायत की बैठक 24 फरवरी को होगी। इसकी अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा करेंगे। इसमें कार्य योजना बनाई जाएगी, विकास के बिंदुओं पर चर्चा होगी।

### बिजली चोरी का विरोध बना मौत की वजह, रैपुरा थाना क्षेत्र के लौढ़िया माफी गांव का मामला

# दबंगों ने अनुसूचित जाति के कोटेदार को पीटा, मौत

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** रैपुरा थाना क्षेत्र के लौढ़िया माफी गांव में बिजली चोरी का विरोध करना अनुसूचित जाति के वृद्ध कोटेदार को इतना मंहगा पड़ा कि उसे इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है।


सुखनंदन।

मंगलवार रात करीब आठ बजे गांव में कुछ लोग बिजली के खंभे से कटिया लगाने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान कोटेदार सुखनंदन (72) पुत्र जगन्नाथ के घर की बिजली गुल हो गई। जब उन्होंने बाहर आकर देखा तो पाया कि कुछ लोग खंभे से लाइन खींच रहे थे। बताते हैं कि सुखनंदन ने इसका विरोध किया और कहा कि कटिया फांसने से आयेदिन पूरे गांव की बिजली चली जाती है। उनके घर की भी बिजली चली गई। आरोप है कि पड़ोसी अमित, जीवनलाल आदि भड़क उठे। इन लोगों ने वृद्ध को घेर लिया, पहले धक्कामुक्की की, फिर लात-घूंसों से मारा। पत्थरों से भी वार किए गए। उम्रदराज सुखनंदन हमले का सामना नहीं कर सके और जमीन पर गिर पड़े। आसपास के लोग जब तक बीचबचाव करते, तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत नाजुक बनी रही और बुधवार तड़के इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस संबंध में वृद्ध के पुत्र गोरेलाल ने अमित राजपूत, अनूप राजपूत और जीवनलाल आरख पुत्र रामस्वरूप के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। सीओ फहद अली ने बताया कि विवाद का कारण बिजली का कटिया लगाना था। बीती देर रात मारपीट के बाद सुखनंदन की मौत हो गई। घटना के काफी देर बाद, सुबह डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।


थाने में ग्रामीणों और परिजनों से बात करते बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू। अमृत विचार

### हत्या का मुकदमा दर्ज, एक गिरफ्तार

सूचना मिलते ही रैपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी जीवनलाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य नामजद आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई।

### गांव में तनाव, पुलिस ने की निगरानी

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। घटना को लेकर आक्रोश है और वे आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

लौढ़िया गांव के कुछ लोगों ने नाम छिपाते हुए बताया कि बीते कुछ दिन पहले एक मोहल्ले का ट्रांसफार्मर जल गया था। विभाग को जानकारी दी गई। अंधेरे में रहने से हो रही दिक्कत देख दूसरा ट्रांसफर्मर आने तक पड़ोस के मोहल्ले के ट्रांसफर्मर से केबिल द्वारा लाइन जोड़ने के दौरान बीते दिनों भी विवाद हुआ था।

## शादी की रस्मों के बीच प्रेमी के साथ चली गई युवती

**चित्रकूट ।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 25 वर्षीया युवती की शादी हो रही थी। शादी की रस्मों के बीच वह अपने प्रेमी के साथ चली गई और प्रयागराज में विवाह रचा लिया। परिजनों के अनुसार, युवती की शादी जिले के ही एक कस्बे में तय हुई थी। 12 फरवरी को बारात आनी थी। 10 फरवरी से वैवाहिक कार्यक्रम शुरू हुए थे। 9 फरवरी को उसके पिता उसे ब्यूटी पार्लर ले गए थे। बताया जाता है कि मेकअप कराने के बाद वह बाहर निकली और वहीं उसने प्रेमी को बुला लिया। प्रेमी के साथ कार में बैठकर चली गई। पिता ने कर्वी कोतवाली में प्रेमी सहित तीन लोगों पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर, बताया जाता है कि युवती ने अपने प्रेमी के साथ एक वीडियो जारी कर कहा कि वह अपनी इच्छा से घर छोड़कर गई है। उसने आरोप लगाया कि परिजन उसकी जबरन शादी एक अधिक उम्र के युवक से कराना चाहते थे। यह भी दावा किया कि उसने प्रयागराज में आर्यसमाज के रीति-रिवाज से विवाह कर लिया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

## जयंत चौधरी के बयान पर भड़के शिक्षक, प्रतियां फूंकीं

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी के लोकसभा में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) पर दिए वक्तव्य पर शिक्षकों ने आपत्ति जताई है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की अगुवाई में शिक्षकों ने बुधवार को शहीद पार्क से पैदल मार्च किया।

जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने कहा कि टेट के संबंध में मंत्री का वक्तव्य शिक्षक विरोधी और अलोकतांत्रिक है। इससे देश के बीस लाख शिक्षकों की भावनाएं आहत हुईं हैं। बताया कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्षव टीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. दिनेश चंद्र शर्मा के आवाह्न पर हर जनपद मुख्यालय मे विरोध प्रदर्शन कर वक्तव्य की प्रतियां जलाई गईं। शिक्षकों ने शहीद पार्क में एकत्रित होकर हाथों मे काला कानून वापस लो लिखी तख्तियां लेकर पैदल मार्च किया।

वे ट्रैफिक चौराहा होते हुये पटेल तिराहा पहुंचे। सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद शिक्षा राज्यमंत्री के वक्तव्य की प्रतियां जलाते हुये विरोध प्रदर्शन किया। बताया कि शिक्षकों ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि शिक्षकों को न्याय नहीं मिला, अध्यादेश लाकर टेट अनिवार्यता आदेश को समाप्त नहीं किया गया तो मार्च मे दिल्ली में बहुत बड़ा आंदोलन होगा।

**यू०पी० प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लि०**
कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई–10, कानपुर (केन्द्रीय भण्डार)
(उ०प्र० शासन का सार्वजनिक उपक्रम)
उद्योग कुंज रोड नियर हलुआखाड़ा (रजवाहा)
नौरैया खेड़ा (नहर कोठी), दादा नगर, कानपुर–208022
CIN : U15209UP1976SGC004285

पत्रांक: 2777 / पी.सी.एल. / पी.एम.–10 / कानपुर दिनांक: 11.02.2026

**अल्पकालीन ऑफलाइन निविदा सूचना**

Proposed LMO to Manifold MGPS Works at Government Medical College, Auraiya हेतु इस कार्यालय की निविदा सूचना सं0–22/PM-10/UPPCL/2025-26 दिनांक 11.02.2026 द्वारा ऑफलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा इकाई कार्यालय में दिनांक 13.02.2026 से दिनांक 20.02.2026 के अपराह्न 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है।

ऑफलाइन निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्तें कारपोरेशन की इकाई कार्यालय में दिनांक 13.02.2026 से प्राप्त की जा सकती है।

(सत्य प्रिय)
परियोजना प्रबन्धक
निर्माण इकाई–10, कानपुर

## मऊ तीसरी बार अव्वल, कर्वी तहसील 140वें पायदान पर

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) में एक बार फिर मऊ तहसील को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। मऊ तहसील ने लगातार तीसरी बार यह उपलब्धि हासिल की है। कर्वी तहसील 140वें स्थान पर रही।

जिले की मऊ तहसील ने जनवरी में आईजीआरएस के तहत शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश भर में पहला स्थान प्राप्त किया है। कुल 350 तहसीलों में मऊ ने यह शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि

**● एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली में जनवरी का प्रदर्शन**

इसी अवधि में चित्रकूट जिले की समग्र रैंकिंग 75 जनपदों में से 15वीं रही। प्रदेश में चित्रकूट जिले की अन्य तहसीलों की रैंकिंग भी जारी की गई। इस माह मऊ तहसील के साथ-साथ मानिकपुर और राजापुर तहसीलों ने भी लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कर्वी तहसील 140वें स्थान पर रही। मऊ को यह सफलता उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन की अगुवाई में मिली है।

## सीमा से बाहर खनन करने पर लगा जुर्माना

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** चर्चा में आने और ग्रामीणों की लगातार शिकायतों का आखिरकार प्रशासन ने संज्ञान लिया। मंगलवार को तहसील क्षेत्र अंतर्गत नदियों में हो रहे अवैध खनन करने वालों पर प्रशासन ने कार्रवाई की। जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग के निर्देशन में उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव ने कई जगह छापे मारे। सरधुआ के पास पयस्वनी नदी के कल्याणी घाट में पोकलैन मशीन से निर्धारित क्षेत्र के बाहर खनन पाए जाने पर खनन अनुज्ञाधारक पर 34 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया।


अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों की जांच करते एसडीएम फूलचंद्र यादव।

राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर पैमाइश कराई। प्रशासन के मुताबिक, इस दौरान नदी की जलधारा में खनन कार्य करते हुए नहीं पाया। क्षेत्र से बाहर खनन करने पर एक पोकलैन मशीन सीज की जुर्माना लगाया। एसडीएम फूलचंद्र यादव ने बताया कि सरधुआ स्थित जिस क्षेत्र में बालू खनन करने की अनुमति दी गई थी वहां का निरीक्षण दौरान पट्टाधारक द्वारा 2162 घन मीटर में अवैध खनन पाए जाने पर लगभग 34 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। राजापुर-सरधुआ मार्ग पर टास्क फोर्स ने मोरंग की ओवरलोडिंग पर एक ट्रक पकड़ा। उधर, यमुना नदी में रात में अवैध बालू खनन की सूचना पर एसडीएम के साथ थानाध्यक्ष सरधुआ राम सिंह की टीम ने छापेमारी कर एक ट्रैक्टर, दो ट्रक सीज किए गए और इन्हें थाना राजापुर व सरधुआ में पुलिस की अभिरक्षा में दिया गया है।

**अभियान** | गोल चौराहे से महिला पुल तक के कब्जे हटाए

# मार्ग चौड़ीकरण के लिए चली जेसीबी, ढहाए अवैध निर्माण

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत क्षेत्र में बुधवार की सुबह सड़क चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नगर के गोल चौराहे से टिकरा टोला रोड होते हुए महिला पुल तक जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे बने अवैध कब्जों को हटाया गया।

उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन के निर्देश पर नगर पंचायत टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से सड़क किनारे बने कथित रूप से अवैध मकानों और अन्य अतिक्रमणों को ध्वस्त किया। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई सड़क चौड़ीकरण और दोनों ओर नाले के निर्माण कार्य को सुगम बनाने के उद्देश्य से की गई है। एसडीएम के अनुसार, मार्ग से अतिक्रमण हटने के बाद महिला पुल की ओर जाने वाले वाहनों को जाम से राहत मिलेगी और यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। स्थानीय लोग लंबे समय से इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। अभियान सुबह से शुरू किया गया, जिसमें नगर पंचायत की टीम ने कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान सदर लेखपाल संगम लाल, नगर पंचायत मऊ के लिपिक शिव प्रसाद प्रजापति आदि मौजूद रहे।


अतिक्रमण हटवाते एसडीएम रामऋषि रमन। अमृत विचार

**लोगों ने जताई मिली जुली प्रतिक्रिया:** अभियान को लेकर लोगों ने मिली जुली प्रतिक्रिया जताई। सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाले ऐसे लोग जो गुजर बसर के लिए छोटे छोटे घरों में रहते हैं, इससे उनके पास स्थायी निवास का संकट भी सामने खड़ा हो गया है। कई लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सड़क चौड़ीकरण के इस अभियान से वर्षों की पूंजी इकठ्ठा कर जिन मकानों का निर्माण हुआ उन्हें गिरता देखना काफी पीड़ादायक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मऊ महिला पुल से मुख्य मार्ग को जोड़ने के लिए अन्य कई वैकल्पिक मार्ग मौजूद थे। कुछ लोगों का कहना है कि इससे जाम से निजात मिलेगी।

**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पोस्ट आफिस के खाता में आरती देवी लिखा जोकि मेरे आधार कार्ड में विमला देवी लिखा है जोकि दोनो नाम एक व्यक्ति के है। **विमला देवी पत्नी आलोक कुमार निवासी ग्राम पूरे भवन शाह मजरे ताला गोपालपुर जिला रायबरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राममिलन पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी भटरी तहसील राजापुर जनपद चित्रकूट द्वारा अपने पुत्र दौलत राम का चाल चलन व चरित्र ठीक न होने के कारण मैं अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करने की घोषणा करता हूं आज दिनांक 11/02/26 से मेरी संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं होगा । **प्रार्थी - राममिलन पुत्र लक्ष्मी प्रसाद, निवासी भटरी तहसील राजापुर जनपद चित्रकूट**

**सूचना**
मैं **राजू पुत्र सुखनन्दन निवासी पूरे सुबेदार पो. रोखा जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा की पालिसी संख्या 214974086 में नाम राजूलाल पुत्र औसान यादव दर्ज है, जबकि आधार कार्ड व अन्य कागजात में नाम राजू पुत्र सुखनन्दन अंकित है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मुझे और मेरे पिता को उक्त नामों से जाना और पहचाना जाता है।

**सूचना**
मैने अपना नाम JAHEEN HAYDAR से बदलकर ZAHEEN HAIDER रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MAZHAR HAYDAR ADD-22/435 SECTOR -12 HAIDER HOUSE INDIRA NAGAR DIST-LUCKNOW-226016 (U.P.)

**सूचना**
सूचित् किया जाता है कि मैंने अपना नाम NEERAJ से बदल कर NEERAJ KUMAR रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वह पहचान जाए पुत्र RAM BAHADUR ग्राम किशनपुर कौड़िया बंथरा लखनऊ का रहने वाला हूं।

**सूचना**
मैं RAJESH KUMAR पुत्र श्री SUMER SINGH निवासी– म0नं0–462, एल्डिको सिटी, आईआईएम रोड, भिटौली खुर्द डुगरिया, लखनऊ, कहना चाहता हूँ कि मेरी पुत्री के हाई स्कूल के प्रमाण पत्र पर त्रुटिवश मेरा नाम RAJESH KUMAR SINGH अंकित हो गया है, अत: सबसे अनुरोध है कि मेरी पुत्री को आकांक्षा सिंह पुत्री RAJESH KUMAR के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
पहले मेरा नाम अली खान (ALI KHAN) था अब मैंने अपना नाम बदलकर अली मुहम्मद (ALI MUHAMMAD) रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे अली मुहम्मद (ALI MUHAMMAD) के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/0 DLLDAR HUSAIN KHAN R/O VILL & POST-GORABARIK Thana KOTWALI NAGAR DIST-SULTANPUR, U.P.- 228001

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम दीपाली (DEEPALI) पुत्री राम धीरज है जोकि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं0 3277 5755 2279 में उसका नाम देपिले (depile) अंकित हो गया है, जोकि गलत है। अतरू भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम दीपाली (DEEPALI) पुत्री रामधीरज के नाम से जाना व पहचाना जाये। एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं। **राम धीरज पुत्र राम औतार, निवासी-रसूलपुर, थाना-सतरिख, ब्लॉक हरख, जनपद बाराबंकी, उ०प्र०।**

